# संत शिरोमणि गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान एवं कलश यात्रा का आज होगा शुभारम्भ

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक समरसता, समानता एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान एवं कलश यात्रा का शुभारंभ 7 अगस्त शुक्रवार सुबह 9 बजे भाजपा जिला कार्यालय, चूरू से यात्रा रथ व कलश का विधिवत पूजन कर किया जाएगा। चूरू लोकसभा प्रभारी भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा चूरू लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों, विभिन्न मंडलों एवं प्रमुख कस्बों से होकर निकलेगी। यात्रा का प्रत्येक स्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के समरसता, समानता, सामाजिक न्याय, भाईचारे, मानव सेवा और राष्ट्रहित के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना है। यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने तथा सामाजिक सौहार्द एवं समरसता को और अधिक सशक्त बनाने का संदेश देगा। जांगिड़ ने बताया कि यात्रा खासोली, हड़ियाल, सादुलपुर सहित अनेक नगरों एवं ग्रामों से होकर आगे बढ़ेगी, जहाँ जगह-जगह कलश वंदन, पुष्पवर्षा एवं स्वागत समारोह आयोजित किए जाएंगे। यात्रा का भव्य समापन 14 अगस्त को पवित्र धाम सालासर में होगा।

### यात्रा कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा

07 अगस्त को भाजपा जिला कार्यालय, चूरू से सुबह साढ़े 9 बजे कलश पूजन एवं यात्रा शुभारंभ होगा। इसके पश्चात रामनगर मंदिर खासोली मंडल, होटल राघव एनएच-52 सात्यूं-राजपुरा मंडल, मूंदी ताल ददरेवा मंडल, तथा सुराणा भवन, सादुलपुर में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभाओं का आयोजन होगा। रात्रि विश्राम सादुलपुर में रहेगा। 08 अगस्त को बस स्टैंड सिद्धमुख, गाँव अजीतपुरा बिराणी मंडल तथा भादरा शहर, छानी बड़ी एवं डूंगराना मंडल में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभा का आयोजन होगा। रात्रि विश्राम भादरा में रहेगा। 09 अगस्त को गोगामेड़ी मंदिर परिसर, भादरा मोड़ नोहर फेफाना मंडल तथा सूर्या भवन मंदिरए नोहर शहर-देहात मंडल में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभा का आयोजन होगा। रात्रि विश्राम नोहर में रहेगा। 10 अगस्त को साहवा मंडल, वर्षा कंदोई गेस्ट हाउस, तारानगर तथा अंबेडकर भवन वार्ड-1, तारानगर में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभा का आयोजन होगा। रात्रि विश्राम तारानगर में रहेगा। 11 अगस्त को भालेरी-बुचावास मंडल, मेलूसर-पूलासर मंडल तथा सरदारशहर में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभा का आयोजन होगा। रात्रि विश्राम सरदारशहर में रहेगा। 12 अगस्त को बीनासर मंडल एवं चूरू-कोठी में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभा का आयोजन होगा। रात्रि विश्राम चूरू में रहेगा। 13 अगस्त 2026 को अभिनेष महर्षि निवास, रतनगढ़, गौरीसर मंडल तथा पड़ीहारा में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभा का आयोजन होगा। रात्रि विश्राम पड़ीहारा में रहेगा। 14 अगस्त को छापर एवं सुजानगढ़ में कलश पूजन, यात्रा स्वागत एवं सभा के पश्चात सालासर में यात्रा का भव्य समापन समारोह आयोजित होगा। जांगिड़ ने लोकसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, संत समाज तथा आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक यात्रा से जुड़कर संत रविदास महाराज के समरस, समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सहभागिता निभाएँ।

## मेघा अग्रवाल महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त

सपना शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन, पूर्वी राजस्थान द्वारा संगठन के पुनर्गठन के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग की सहमति एवं प्रदेश महिला प्रभारी राजदुलारी गोयल के मार्गदर्शन में मेघा अग्रवाल (पटवारी) को सीकर महिला जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इस संबंध में मनोनयन पत्र प्रदेश महिला अध्यक्ष आरती गुप्ता एवं प्रदेश महिला महामंत्री डॉ सुधा पोद्दार जाजोदिया द्वारा जारी किया गया। मनोनयन के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि मेघा अग्रवाल अपनी सक्रियता, संगठन क्षमता एवं समाजसेवा की भावना के साथ महिला संगठन को सशक्त बनाते हुए अग्रवाल समाज के हित में उल्लेखनीय कार्य करेगी तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मेघा अग्रवाल के महिला जिलाध्यक्ष बनने पर अग्रवाल समाज एवं संगठन में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर संरक्षक पवन मोदी, जिला चेयरमैन अमित चिरानिया, जिलाध्यक्ष अनिल तोदी, जिला उपाध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, जिला महामंत्री मणि शंकर खेतान, संतोष पटवारी, रोहन अग्रवाल, सन्नू मोदी, मंजू लोहिया, किरण चिरानिया, मधु सिहोटिया, स्नेहा खेतान, रीना अग्रवाल, उषा अग्रवाल, सोनू पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, सरिता मित्तल, अंजू अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजनों एवं महिला पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी। पटवारी परिवार की ओर से भी मेघा अग्रवाल को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएँ व्यक्त की गईं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला जिला इकाई समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण एवं संगठन विस्तार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी।

## पिंकसिटी में नौ अगस्त को होगी जयपुर हेरिटेज रन

### ऐतिहासिक धरोहरों के बीच दौड़ेंगे धावक

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गुलाबी नगरी जयपुर की ऐतिहासिक और जीवंत सड़कों पर स्वास्थ्य जागरूकता और अपनी समृद्ध विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से रविवार, 9 अगस्त को जयपुर हेरिटेज रन 2026 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस अनोखी रन का आयोजन श्इंडियंस इन फ्रांस ग्लोबल तथा श्राशमॉन फ्रांस के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व अगस्त क्रांति दिवस पर आयोजित हो रही इस ऐतिहासिक रन के पार्टनर जय दुर्गा सीनियर सैकंडरी स्कूल, इंद्र जेम्स एलएलपीए वोयेज इन इंडिया, राजस्थान जेम्स, इमेक्युलेट ज्वैलर्स और रत्नावली आर्ट्स हैं। आयोजन समिति के प्रमुख शिवशंकर शर्मा ने बताया कि यह जयपुर की पहली ऐतिहासिक हेरिटेज रन है, जो श्स्वास्थ्य के लिए दौड़ें, जयपुर के गौरव को महसूस करेंके संदेश के साथ आयोजित की जा रही है। यह रन 9 अगस्त को प्रातः 6 बजे न्यूगेट स्थित रामलीला मैदान से शुरू होगी। धावक चारदीवारी के ऐतिहासिक स्मारकों और गुलाबी नगरी के विरासत से सजे रास्तों से होते हुए जल महल के मनोरम तट पर रन का समापन करेंगे। आयोजक कपिल खंडेलवाल ने बताया कि इस रन में भाग लेने के लिए सीमित स्थान उपलब्ध हैं। प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। सीमित स्थान होने की वजह से पहले पंजीकरण करवाने वाले धावकों को ही रन में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

## डॉ मेघना शर्मा को मिलेगा राष्ट्रीय मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न पुरस्कार

निसं



**बीकानेर (नवयत्न)।** बीकानेर की कवयित्री कथाकार डॉ मेघना शर्मा को जयपुर की अभाकाम संस्था द्वारा पांचवा राष्ट्रीय मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान 2026 देने की घोषणा की गई है। संस्था अध्यक्ष अजीत सक्सेना ने बताया कि डॉ मेघना को कविता लेखन की श्रेणी में कृषि विज्ञान केंद्र, दुर्गापुरा जयपुर स्थित सभागार में 9 अगस्त को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। महामंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना के अनुसार डॉ मेघना को उनकी कविता प्रारब्ध की दीमक हेतु चयन समिति द्वारा पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत मंच से नकद राशि, स्मृति चिह्न, शॉल, दुप्पटा व प्रमाण पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी हिंदी साहित्य में अपने साहित्यिक अवदान हेतु डॉ मेघना जोधपुर, चंडीगढ़, नई दिल्ली, जयपुर, बीकानेर, सूरतगढ़, रतनगढ़, फैज़ाबाद की साहित्यिक संस्थाओं द्वारा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुकी हैं।

## उच्च शिक्षा के लिए सुनहरा अवसर : अजीम प्रेमजी बालिका स्कॉलरशिप हेतु आवेदन शुरू

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि उच्च शिक्षा में बालिकाओं की भागीदारीए समानता एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अजीम प्रेमजी बालिका स्कॉलरशिप हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत राजस्थान की नियमित छात्राओं को प्रथम वर्ष के स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के उपरांत अध्ययन की संपूर्ण अवधि के लिए 30,000 प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है तथा आवेदन दो चरणों में किए जाएंगे। प्रथम चरण 10 अगस्त से 31 अगस्त 2026 एवं द्वितीय चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी 2027 तक रहेगा। पात्रता के अनुसार आवेदिका ने 10वीं एवं 12वीं कक्षा स्थानीय सरकारी विद्यालय से नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण की हो। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 में भारत के किसी भी राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी अथवा विश्वसनीय एवं मान्यता प्राप्त निजी कॉलेजविश्वविद्यालय में 2 से 5 वर्ष की अवधि वाले मान्यता प्राप्त स्नातक अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लिया हो। इस छात्रवृत्ति के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है। आवेदन केवल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन करते समय सक्रिय बैंक खाते का सही विवरण दर्ज करना आवश्यक है, ताकि चयनित होने पर छात्रवृत्ति की राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की जा सके। छात्राओं को आवेदन से पूर्व दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर निर्धारित समयावधि में आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया है, जिससे अधिकाधिक बालिकाएँ इस महत्त्वपूर्ण छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाकर अपनी उच्च शिक्षा को सशक्त बना सकें।

## छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव बहाल कराने की मांग को लेकर गुरुवार को नोखा स्थित मांगीलाल बागड़ी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय का मुख्य द्वार बंद कर टायर जलाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा छात्रसंघ चुनाव की तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला हैं। छात्रसंघ युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। सरकार द्वारा लगातार छात्रसंघ चुनाव टालना विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। प्रदेश का छात्र वर्ग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है। और अब चुप बैठने वाला नहीं है। यदि शीघ्र छात्रसंघ चुनाव की घोषणा नहीं की गई। तो एनएसयूआई प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी तथा सड़क से लेकर सदन तक लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी। सरकार को छात्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए अविलंब छात्रसंघ चुनाव बहाल करने चाहिए। प्रदर्शन में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दिनेश सारण, किशन सारण, जितेंद्र कसवां, मनोज गोदारा, रामजस कसवां, सुभाष गोदारा, सोनू जोशी कैलाश पूनिया, राहिल कुरेशी, अमन गिरी, पंकज भार्गव, देवकिशन सारण ओपी भांभू, बजरंग सहित एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी, नोखा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस जिला महासचिव मुरली गोदारा, कैलाश पूनियां सुरेंद्र गोदारा, ओम चौधरी सहित युवा उपस्थित रहे।

## अवैध अतिक्रमण पर नगरपालिका ने की कार्रवाई

### पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन लगाकर हटाया अतिक्रमण



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी कस्बे के चांदमारी रोड पर नगरपालिका की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ नगरपालिका प्रशासन ने गुरुवार को सख्त कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से किए जा रहे निर्माण एवं अतिक्रमण को हटाया गया। जानकारी के अनुसार चांदमारी रोड पर खाली जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर मकान निर्माण का प्रयास किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर नगरपालिका प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नगरपालिका ईओ नागरमल गुर्जर ने बताया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में सार्वजनिक एवं सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाएगा और जहां भी अतिक्रमण मिलेगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी के कारण पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने संबंधित लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ राजस्थान नगर पालिका अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगरपालिका प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण न करें तथा यदि कहीं अतिक्रमण की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन का कहना है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार धीरेन्द्र यादव, ईओ नागरमल, नगरपालिका एसआई सुनील सैनी, नगेंद्र कुमार, खेतड़ी थाने से एएसआई महिपाल सिंह, कैलाश चंद सहित पुलिस जाब्ता तैनात था।

## एनआईए में स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए शुरू हुआ ब्रेस्टफीडिंग कक्ष

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** विश्व स्तनपान सप्ताह-2026 के तहत जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के बालरोग विभाग ने सप्ताहभर जनजागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान एनआईए चिकित्सालय के बालरोग विभाग की ओपीडी संख्या-4 में स्तनपान कराने वाली माताओं की सुविधा के लिए ब्रेस्टफीडिंग कक्ष का शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कक्ष का उद्घाटन करते हुए कहा कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करना और छह माह तक केवल मां का दूध देना शिशु के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह कक्ष माताओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराएगा। बालरोग विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार नागर ने बताया कि सप्ताहभर विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जागरूकता नाटिका के माध्यम से माताओं, परिजनों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों को स्तनपान के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान गोवा की प्रो. निशा ओझा ने आयुर्वेद की भूमिका पर व्याख्यान दिया। प्रो. के. भारती ने मातृ स्वास्थ्य एवं स्तनपान पर जानकारी दीए जबकि प्रो. रमेश चौधरी ने सफल स्तनपान सहयोग के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया। इसके अलावा एनआईए चिकित्सालय के आईपीडी में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए जागरूकता नाटिका का मंचन कर जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करने और पहले छह माह तक केवल मां का दूध देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अनिता शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. उदय राज सरोज, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश भाकूनी, प्रो. निशा ओझा सहित विभाग के चिकित्सक एवं संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## युवक धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा उपखण्ड के पांचू थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफअभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान भादला रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान एक युवक के कब्जे से लोहे की धारदार तलवार बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने भगवानाराम पुत्र दानाराम, निवासी भादला को गिरफ्तार कर तलवार जब्त कर ली। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह तलवार लेकर कहां जा रहा था और उसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। पांचू थाना पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफअभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवासों का बकाया भुगतान दिलाने की मांग

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा चूरू के जिला उपाध्यक्ष मनोज जोशी ने जिला कलेक्टर चूरू को पत्र भेजकर बांय गांव में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने मकानों का बकाया भुगतान दिलाने की मांग की है। जोशी ने पत्र में लिखा है कि ग्राम पंचायत बांय में पिछले छह महीनों से स्वीकृत आवास जो कुछ बनकर तैयार हो गए और कुछ बन रहे हैं उनका बकाया भुगतान अभी तक नहीं हुआ जिसके कारण लाभार्थी मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। जोशी ने जिला कलेक्टर चूरू को पत्र भेजकर शीघ्र भुगतान दिलाने की मांग की है।

## कचरा डालकर श्मशान भूमि का रास्ता बंद करने का आरोप

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** श्मसान भूमि में जाने का रास्ता बंद हो जाने पर दोषी कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर आयुक्त के नाम नगरपरिषद के शिविर में ज्ञापन सौंपा गया है। महेश कुमार सांसी ने बताया कि आयुक्त के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ठरड़ा रोड पर स्थित सांई बाबा मंदिर के पीछे सांसी समाज का श्मसान स्थित है। इसी प्रकार यहीं पर बालाजी मंदिर व सांई बाबा मंदिर भी स्थित है लेकिन नगरपरिषद द्वारा यहां पर कचरा डालकर इन स्थानों की पवित्रता भंग की जा रही है। साथ ही श्मशान में जाने का रास्ता कचरे की वजह से बंद हो गया है। इसके खिलाफ पहले भी प्रदर्शन किए गए हैं लेकिन समस्या को फिर से बढ़ाया गया है।

नगरपरिषद की उदासीनता के कारण लोगों को यहां पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि लापरवाह कार्मिकों की जिम्मेदारी तय का दोषियों के विरूद्ध कर्यवाही की जावे तथा समस्या का समाधान करवाया जावे। ज्ञापन पर महेश, मदनलाल, मोहनलाल, सुरेश, अजय, राजा, मुकेश, रूपाराम, सोहनलाल, ज्ञानचंद, विजय, कालूराम, सुनील, जोनी आदि के हस्ताक्षर हैं।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और वेतन संबंधी दावों का आईआईएसडी ने किया खंडन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान शिक्षा परिषद में व्यवसायिक प्रशिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन और वेतन भुगतान को लेकर सोशल मीडिया पर चल रहे दावों को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट आईआईएसडी ने भ्रामक बताया है। आईआईएसडी के नेशनल हेड पंकज कुमार ने कहा कि कुछ लोग तथ्यों को छिपाकर संस्था की छवि खराब करने और ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान शिक्षा परिषद ने 12 जून 2023 को गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर 51 व्यवसायिक प्रशिक्षकों के दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाए थे।

इसके बाद वर्ष 2023-24 में संबंधित प्रशिक्षकों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए। सक्षम स्तर से आदेश मिलने तक उनका वेतन जारी नहीं किया जा सकता। पंकज कुमार ने कहा कि जिन प्रशिक्षकों के दस्तावेज सही पाए गए हैं, उनका वेतन नियमित रूप से दिया जा रहा है। कुछ जिलों में बकाया वेतन का भी भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों का वेतन रोके जाने, 25 हजार रुपए वेतन दिए जाने तथा 7 से 10 हजार रुपए की कटौती किए जाने के दावों को गलत बताया। उनके अनुसार प्रशिक्षकों को 20 हजार और 22 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाता है तथा नियमानुसार केवल टीडीएस की कटौती होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा आईआईएसडी कार्यालय का वीडियो करीब तीन माह पुराना है, जबकि उसके बाद कई महीनों का वेतन जारी किया जा चुका है।

पंकज कुमार ने संबंधित लोगों से तथ्यों की पुष्टि किए बिना भ्रामक जानकारी प्रसारित नहीं करने तथा अपनी शिकायतें निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित विभाग या सक्षम प्राधिकारी के समक्ष रखने की अपील की।

# झुंझुनूं पहुंची संत रविदास समरसता संकल्प यात्रा

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



### 650वीं जयंती वर्ष पर चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत निकाली जा रही है यात्रा।

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की कलश यात्रा गुरुवार को झुंझुनूं पहुंची। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और गुरु रविदास के जयघोष लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने संत रविदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने समाज को समानता, समरसता और मानवता का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद संतोष अहलावत, सह संयोजक महेश जीनगर, सुरेंद्र भाटिया, वर्षा सोमरा, राजेश दहिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### समरसता का संदेश घर-घर पहुंचाने का अभियान

यात्रा के जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक सुभाष पूनिया ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य संत रविदास के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान चला रही है। इसकी शुरुआत वाराणसी स्थित गुरु रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर से हुई है।

#### आठ दिन तक लोकसभा क्षेत्र में रहेगा रथ

जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा ने बताया कि झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा में यह रथ लगातार आठ दिनों तक भ्रमण करेगा। प्रत्येक विधानसभा में एक दिन रुककर समरसता का संदेश दिया जाएगा और इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन की भी भागीदारी रहेगी।

# भारतीय मजदूर संघ का 17 अगस्त को देशव्यापी धरना

हर्ष सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के आह्वान पर 17 अगस्त को राजस्थान सहित देशभर में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। झुंझुनूं में भी विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंक, डाक, बीमा, उद्योगों, संविदा कर्मचारियों, योजना कर्मियों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। भारतीय मजदूर संघ ने कहा कि संगठन अपनी स्थापना से ही राष्ट्रहित, उद्योगहित और श्रमिकहित के सिद्धांत पर काम कर रहा है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई, अस्थायी रोजगार, सामाजिक सुरक्षा की कमी और वेतन संबंधी विसंगतियों से श्रमिक वर्ग परेशान है। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की जाएगी।

#### इन प्रमुख मांगों को लेकर होगा प्रदर्शन

बीएमएस ने केंद्र सरकार के सामने 11 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें ईएसआईसी वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपये करने, न्यूनतम ईपीएफ पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह करने, ईपीएफ वेतन सीमा 30 हजार रुपये करने, राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह तय करने, संविदा कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन, योजना कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि, बैंक कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये करने जैसी मांगें शामिल हैं।

# गुढ़ा उपखंड मुख्यालय विवाद, वकीलों का ऐलान, अदालतों का करेंगे बहिष्कार

संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिला अभिभाषक संस्था झुंझुनूं की साधारण सभा बैठक में गुढ़ा तहसील के उपखंड मुख्यालय को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में कहा गया कि उपखंड मुख्यालय झुंझुनूं में यथावत रखा जाए और क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक इस संबंध में कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं होता, तब तक अभिभाषक संस्था आंदोलन जारी रखेगी। इसके तहत विरोध स्वरूप धरना दिया जाएगा और समस्त न्यायालयों में वकील स्वैच्छिक रूप से उपस्थित नहीं होंगे। संस्था अध्यक्ष रतन मोरवाल एडवोकेट के नेतृत्व में संघर्ष समिति गठित की गई। समिति में मदन सिंह गिल, रणजीत सिंह, बिरजू सिंह शेखावत, सुभाष पूनिया, संदीप महला एवं विकास महरिया सहित कई अधिवक्ता शामिल हैं। सभी ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए एकजुटता दिखाई। अभिभाषक संस्था ने जिले के सभी वकीलों से आह्वान किया है कि वे एक दिन का कार्य स्थगन कर इस आंदोलन का समर्थन करें, ताकि प्रशासन पर प्रभावी दबाव बनाया जा सके।

# अंगदान जागरूकता में झुंझुनूं ने रचा इतिहास

# राजस्थान में दूसरा, देश में तीसरा स्थान

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** अंगदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने में झुंझुनूं जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिले ने राजस्थान में दूसरा और देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग सहित जिले की टीम को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर, मेडिकल कॉलेज झुंझुनूं के डॉ. दीपक तंवर तथा डीपीओ सियाराम पूनिया को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि अंगदान जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगाता है। उन्होंने समाज में अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने और लगातार जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।



**सम्मान के बाद झुंझुनूं लौटे कलेक्टर का स्वागत**

अंगदान जागरूकता अभियान में राज्य स्तर पर सम्मानित होने के बाद झुंझुनूं लौटे जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग का गुरुवार को लायंस क्लब झुंझुनूं और श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से स्वागत किया गया। संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शॉल और दुपट्टा ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर लायंस क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष डॉ. डीएन तुलस्यान, जोन चेयरपर्सन डॉ. बबीता कुमावत, अध्यक्षीय सलाहकार नरेन्द्र व्यास, उपाध्यक्ष शिव कुमार जांगिड़ , गोपाल कृष्ण गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष कैलाश चंद्र सिंघानिया, मनोज सिंह टीकेएन, सुभाष प्रजापत सहित क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

#### 19 हजार से ज्यादा लोगों ने लिया अंगदान का संकल्प

31 जुलाई तक झुंझुनूं जिले के 19,081 नागरिकों ने अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरे। इसी जनभागीदारी के दम पर झुंझुनूं ने राजस्थान में भीलवाड़ा के बाद दूसरा और देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, स्वयंसेवी संगठनों और जागरूक नागरिकों के सामूहिक प्रयासों को दिया।

# स्पर्श अभियान : आईएएस नवीन जैन 15 हजार बच्चों को करेंगे जागरूक

## गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा और करियर पर होंगे जागरूकता सत्र

सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिला प्रशासन के सहयोग से चल रहे जागरूक झुंझुनूं अभियान के तहत शनिवार को स्पर्श अभियान के प्रणेता एवं प्रभारी सचिव, आईएएस अधिकारी नवीन जैन जिले के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। इस दौरान स्पर्श टीम जिलेभर में करीब 15 हजार बच्चों और किशोर-किशोरियों को सुरक्षा और जीवन कौशल से जुड़े विषयों पर जागरूक करेगी। कार्यक्रम समन्वयक प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया कि जागरूकता सत्रों में विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा, अनुचित व्यवहार से बचाव, साइबर सुरक्षा, आत्मविश्वास बढ़ाने और करियर मार्गदर्शन जैसे विषयों की आसान और व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य बच्चों को किसी भी गलत परिस्थिति में सही निर्णय लेने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है। स्पर्श अभियान के राज्य समन्वयक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि वर्ष 2019 से चल रहे इस अभियान के तहत अब तक देशभर के 7,257 संस्थानों में 9,356 जागरूकता सत्र आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 20.73 लाख से अधिक बच्चों, किशोरों, शिक्षकों और अभिभावकों को बाल सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया है। उन्होंने बताया कि स्पर्श अभियान का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें जागरूक व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। झुंझुनूं में आयोजित यह अभियान भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



# नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

अशोक राईका



**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी और आहोर विधायक शंकरलाल राजपुरोहित मौजूद रहे। श्रवण सिंह बगड़ी ने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारियों में जुटने, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और घर-घर संपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व सांसद संतोष अहलावत, विधायक धर्मपाल सिंह गुर्जर सहित जिलेभर के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 300 पौधे वितरित, 1100 पौधों का लक्ष्य पूर्ण



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति श्रीमाधोपुर ने गुरुवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण प्रेमी राजू बागवान, तपेन्द्र शर्मा, शिव कुमार वर्मा, सागर मल दूधवाल, डॉ मुकेश बल्डवाल, एडवोकेट गौरव खैरवा, राजेंद्र कसेरा, संतोष सोनी, दीनदयाल सतीजा, मुकेश व्यास, राजेश सैनी, देवेन्द्र शर्मा, मुकेश स्वामी, गिरीराज कयाल, रोहिताश यादव, उर्मिला चौरासिया सहित 11 महिला सिलाई प्रशिक्षणार्थियों और अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

#### 300 पर्यावरण मित्रों को सौंपी गई पौधों की जिम्मेदारी

अभियान के तहत समिति अध्यक्ष डॉ माधोसिंह एवं सचिव इंजीनियर प्रदीप धायल ने 300 छायादार, फलदार एवं फूलदार पौधों का वितरण किया। इनमें नीम, आम, अमरूद, गुलमोहर सहित करीब 25 प्रजातियों के पौधे शामिल थे। प्रत्येक पौधे के साथ उसे लगाने वाले 300 पर्यावरण मित्रों को उसकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

#### प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जरूरी

इस अवसर पर वरिष्ठ लेखक इतिहासकार तारा चंद चीता ने कहा कि हमें प्रकृति माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके ही हम पर्यावरण को स्वच्छ और जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं।

#### 1100 पौधों का लक्ष्य हुआ पूरा

समिति अध्यक्ष डॉ माधव सिंह ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा से ही प्राणी मात्र का जीवन सुखमय और सुरक्षित रह सकता है। वहीं सचिव इंजी प्रदीप धायल ने कहा कि प्रकृति हमारी अनमोल धरोहर है। प्रत्येक व्यक्ति को इसे शुद्ध रखने की नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा लिया गया 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य आज पूर्ण हो गया है।

# ढूकिया हॉस्पिटल में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत सोनी ने संभाली जिम्मेदारी

## अब ऑर्थोपेडिक मरीजों को आधुनिक उपचार और विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा

संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** शहर के गणपति नगर, मंडावा रोड स्थित ढूकिया हॉस्पिटल में प्रसिद्ध हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत कुमार सोनी ने गुरुवार से अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। उनके जुड़ने से अब क्षेत्र के मरीजों को ऑर्थोपेडिक उपचार की आधुनिक और विशेषज्ञ सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। डॉ. दुष्यंत कुमार सोनी एमएस (ऑर्थोपेडिक्स) हैं तथा फेलोशिप इन हैंड एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी कर चुके हैं। उन्हें फ्रैक्चर, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्पोर्ट्स इंजरी, हाथ की जटिल चोटों, आर्थ्रोस्कोपी, जॉइंट रिप्लेसमेंट और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याओं के उपचार का विशेष अनुभव है। डॉ. दुष्यंत कुमार सोनी के अस्पताल से जुड़ने पर न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. जोगेंद्र सिंह, गैस्ट्रो एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ. नवीन महला, यूरोलॉजिस्ट डॉ. विजय ओला तथा एमडी फिजिशियन एवं डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. विनोद कुमार जांगिड़ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया।



**अस्पताल की सेवाएं होंगी और मजबूत**-अस्पताल निदेशक डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि डॉ. सोनी के आने से ऑर्थोपेडिक विभाग और अधिक सशक्त होगा। मरीजों को आधुनिक तकनीक के साथ विशेषज्ञ परामर्श और बेहतर उपचार की सुविधा मिलेगी। अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, ब्लड बैंक, 32-स्लाइस सीटी स्कैन सहित कई आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान का आगाज, रैली के जरिए दिया देशभक्ति का संदेश

## कलेक्टर ने दिखाई तिरंगा रैली को हरी झंडी, बैंड की धुन पर गूंजा देशभक्ति का माहौल

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान का गुरुवार को झुंझुनूं में शुभारंभ हुआ। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और अभियान के तहत आमजन को तिरंगे वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब झुंझुनूं की ओर से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आदर्श बाल निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों के बैंड वादन से हुई। विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और आमजन ने उत्साह के साथ अभियान में शामील हुए। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रामकरण, पूर्व महाप्रबंधक उद्योग विभाग मनीराम, लायंस क्लब झुंझुनूं के एमजेएफ लायन डॉ. डीएन तुलस्यान, जोन चेयरपर्सन डॉ. बबीता कुमावत, अध्यक्षीय सलाहकार नरेन्द्र व्यास, उपाध्यक्ष शिव कुमार जांगिड़, गोपाल कृष्ण गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष कैलाश चंद्र सिंघानिया, कार्यक्रम संयोजक मनोज सिंह टीकेएन, सुभाष प्रजापत, डॉ. देवेन्द्र सिंह शेखावत, शकुंतला पुरोहित, सम्पतराम पुरोहित, मांगीलाल वर्मा, महिपाल सिंह, दयाशंकर अरड़ावतिया, ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, रोहिताश्व बंसल, सीए पवन केडिया, शिवचरण पुरोहित तथा सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




#### 1100 स्टिक वाले तिरंगे होंगे नि:शुल्क वितरित

लायंस क्लब झुंझुनूं और श्री श्याम आशीर्वाद संस्था की विशेष भामाशाह योजना के तहत 11 भामाशाहों के सहयोग से 1100 स्टिक लगे तिरंगे झंडों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, सम्मान और गौरव का प्रतीक है। हर नागरिक को पूरे सम्मान के साथ अपने घर पर तिरंगा फहराकर इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए।



# स्काउट-गाइड ट्रेनर्स ने देखा पिलानी का वैज्ञानिक वैभव, प्रकृति व विरासत से हुए रूबरू

सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ट्रेनर्स मीट के दूसरे दिन प्रदेशभर से आए लीडर ट्रेनर्स ने झुंझुनूं जिले के बगड़, चिड़ावा और पिलानी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रकृति, ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक स्थलों और वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े संस्थानों का अवलोकन किया। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त

बन्नालाल ने बताया कि जिला मुख्यालय से ट्रेनर्स के दल को रवाना किया गया। बगड़ स्थित ज्योति विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संस्था निदेशक चिरंजीलाल सैनी के नेतृत्व में स्काउट-गाइड अधिकारियों का स्वागत किया गया। इसके बाद दल ने पिलानी स्थित बिट्स म्यूजियम, बिरला म्यूजियम, सरस्वती मंदिर और पंचवटी का भ्रमण कर वैज्ञानिक अनुसंधान, इतिहास और संस्कृति की जानकारी ली।

**स्काउटिंग से होता है चरित्र निर्माण**-बिरला स्कूल पिलानी में आयोजित कार्यक्रम में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्नालाल ने कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियां बच्चों के चारित्रिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक विकास का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की कार्यशाला है।

बालिकाओं को जोड़ने पर दिया जोर चिड़ावा में प्रधानाचार्य एवं प्रभारी कमिश्नर गाइड सरोज दाधीच के नेतृत्व में सभी ट्रेनर्स का स्वागत किया गया। उन्होंने अधिक से अधिक बालिकाओं को स्काउट-गाइड संगठन से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि यह गतिविधियां संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक तैयार करती हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. उमादत्त झाझड़िया ने भी स्काउट-गाइड गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता बताई।

## सम्पादकीय

# गतिरोध से त्रस्त संसद



संसद में जारी गतिरोध को तोड़ने और विदेशी चंदे एवं परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर सहमति कायम करने के लिए संसदीय कार्यमंत्री किरेण रिजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच हुई बातचीत जिस तरह किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखी, उससे मानसून सत्र के हंगामे के बीच ही खत्म होने के आसार बढ़ गए हैं। राहुल गांधी की शर्त है कि जब तक काकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में हिंसा पर गृह मंत्री अमित शाह बयान नहीं देते और राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में सदन में चर्चा नहीं होती, तब तक संसद की कार्यवाही नहीं चल सकती।

पता नहीं इन दोनों विषयों पर ऐसा हो पाता है या नहीं, लेकिन हैरानी नहीं कि इसकी नौबत आने पर विपक्ष सरकार को कठघरे में खड़ा कर सदन से चलता बने और सरकार का पक्ष भी न सुने। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पेपर लीक विरोधी कानून में संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष और विशेष रूप से राहुल गांधी ने बहुत कुछ कहा था, लेकिन इस बिल पर एक शब्द भी नहीं कहा था।

कुछ ऐसा ही रवैया अन्य विपक्षी नेताओं का रहा था। यह पहली बार नहीं, जब विपक्ष उन मुद्दों को तूल देने पर अड़ गया हो, जो संसद सत्र के पहले किसी न किसी कारण सतह पर आए। एक लंबे अर्से से यह देखने को मिल रहा है कि संसद सत्र शुरू होने के पहले कुछ ऐसे मुद्दे सामने आ जाते हैं या फिर सुनियोजित रूप से लाए जाते हैं कि विपक्ष को संसद में हंगामा करने का अवसर मिल सके।

यह स्थिति यही बताती है कि विपक्ष अपनी ओर से न तो कोई तैयारी करता है और न ही उसके पास प्रस्तावित विधेयकों अथवा राष्ट्रीय महत्व के अन्य मुद्दों पर कोई ठोस सुझाव होते हैं। यह एक तथ्य है संसद के इस सत्र में पेपर लीक विरोधी कानून में संशोधन वाले विधेयक को छोड़कर किसी अन्य विधेयक पर कोई चर्चा नहीं हुई। कई विधेयक विपक्ष की नारेबाजी के बीच बिना किसी विचार-विमर्श के पारित हो गए। समस्या यह है कि जिन विधेयकों पर कभी कोई चर्चा होती भी है, तो वह अत्यंत सतही और निरर्थक होती है।

यह किसी से छिपा नहीं कि विपक्ष की ओर से सरकार के हर विधेयक और हर फैसले का आंख मूदकर विरोध ही किया जाता है। वास्तव में अब विरोध और अंधविरोध का अंतर मिटता जा रहा है। विपक्ष की ओर से रचनात्मक अथवा सकारात्मक सहयोग अब बीते जमाने की बात बन गया है। इसकी जगह नकारात्मकता और विरोध के नाम पर विरोध की राजनीति ने ले लिया है।

इससे संसद की महत्ता और गरिमा ही कम हो रही है। यदि संसदीय कामकाज की यही दशा रही तो वह दिन दूर नहीं, जब आम जनता में संसद के प्रति आस्था डिगती दिखे। अच्छा हो कि पक्ष और विपक्ष, दोनों यह देखें कि संसद की महत्ता फिर से कैसे स्थापित हो।

## विशेष आलेख

# एमपी में कुशवाहा वोट बैंक की ताकत के आगे झुकी बीजेपी गुलाटी बयान के लिए तोमर को मांगनी पड़ी माफी

**मध्य प्रदेश की राजनीति में दतिया विधानसभा उपचुनाव के नतीजे ने भारतीय जनता पार्टी को ऐसा राजनीतिक संदेश दिया है, जिसकी गूंज अब पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है। विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर के एक विवादित बयान से शुरू हुआ विवाद आखिरकार सार्वजनिक माफी तक पहुंच गया। भाजपा की आंतरिक समीक्षा में यह संकेत मिलने के बाद कि कुशवाहा समाज की नाराजगी पार्टी की हार का बड़ा कारण बनी, तोमर ने स्वयं आगे आकर अपने शब्द वापस लिए और कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी इस समाज का अपमान करने की नहीं सोचा।**

पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ जब 31 जुलाई को मुरैना में भाजपा के जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा के निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह तोमर ने कुशवाहा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि यह समाज बीच-बीच में गुलाटी खाता रहा और इसी कारण उसने अपनी विश्वसनीयता को खंडित किया। उन्होंने यह भी कहा कि एक समय ऐसा था जब कुशवाहा समाज भाजपा का मजबूत समर्थक माना जाता था और भाजपा ने उस दौर में भी समाज को सम्मान दिया, जब अन्य राजनीतिक दल उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने पूर्व नेता कालीचरण कुशवाहा को टिकट दिए जाने का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

हालांकि, कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक भूचाल आ गया। कुशवाहा समाज के विभिन्न संगठनों और प्रतिनिधियों ने इस टिप्पणी को पूरे समाज की राजनीतिक निष्ठा पर सवाल बताकर तीखी आपत्ति जताई। कांग्रेस ने भी इसे तुरंत बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का अपमान बताते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती और उन्होंने नरेंद्र सिंह तोमर से सार्वजनिक माफी की मांग की।

इस बीच, दतिया विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने भाजपा की मुश्किलें और बढ़ा दीं। कांग्रेस उम्मीदवार कुंवर घनश्याम सिंह ने भाजपा प्रत्याशी आशीष तिवारी को 6,016 वोटों के अंतर से पराजित कर दिया। भाजपा की आंतरिक समीक्षा में यह बात सामने आई कि दतिया के लगभग 12 प्रतिशत मतदाता रहे कुशवाहा समाज का एक बड़ा हिस्सा कांग्रेस की ओर खिसक गया, जिसने चुनावी परिणाम को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। इसके बाद भाजपा संगठन ने हार की व्यापक समीक्षा शुरू की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेताओं और चुनाव प्रभारियों के साथ बैठक की, दतिया जिला इकाई को भंग किया गया, समीक्षा समितियां गठित की गईं और संगठनात्मक कमजोरियों के साथ-साथ संभावित अंदरूनी असंतोष की भी जांच शुरू हुई।

इसी राजनीतिक आत्ममंथन के बीच नरेंद्र सिंह तोमर ने कुशवाहा समाज के नाम हस्ताक्षरित पत्र जारी कर अपने बयान पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि कमलेश कुशवाहा के घर आयोजित कार्यक्रम पारिवारिक वातावरण में था और उसी संदर्भ में बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि उनका और कुशवाहा समाज का रिश्ता परस्पर पूरक है तथा उन्होंने जीवनभर



इस समाज का सम्मान किया है और आगे भी करते रहेंगे। यदि उनके शब्दों से किसी की भावना आहत हुई है तो वह अपने शब्द वापस लेते हैं और इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। उनका यह बयान भाजपा के भीतर बढ़ी राजनीतिक बेचैनी और सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, यह पूरा घटनाक्रम केवल एक बयान और माफी तक सीमित नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश की बदलती सामाजिक-राजनीतिक राजनीति का संकेत भी देता है। राज्य की कुल आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग लगभग आधी हिस्सेदारी रखता है और कुशवाहा समाज इस वर्ग का एक प्रभावशाली हिस्सा माना जाता है। ग्वालियर-चंबल अंचल के मुरैना, दतिया, भिंड और ग्वालियर जैसे जिलों से लेकर बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र तक इस समाज की उल्लेखनीय उपस्थिति है। कई विधानसभा सीटों पर यह समाज जीत-हार तय करने की क्षमता रखता है।

विशेष रूप से दतिया जैसी सीट पर, जहां कुशवाहा मतदाता लगभग 12 प्रतिशत हैं, किसी भी दल के लिए इस समाज की अनदेखी राजनीतिक जोखिम बन सकती है। यही कारण है कि भाजपा ने पिछले दो दशकों में ओबीसी सामाजिक समीकरणों के केंद्र में कुशवाहा समाज को महत्वपूर्ण स्थान दिया। दूसरी ओर कांग्रेस भी अब इस वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। पार्टी ने सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के नेतृत्व में बूथ स्तर तक व्यापक अभियान चलाया, जिसका असर दतिया उपचुनाव में दिखाई दिया।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कुशवाहा समाज मध्य प्रदेश में केवल एक बड़ा वोट बैंक नहीं, बल्कि एक प्रभावी स्विंग फैक्टर भी है। यदि समाज को सम्मान, पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व और भागीदारी का संदेश मिलता है तो वह किसी भी दल के साथ मजबूती से खड़ा हो सकता है। लेकिन उपेक्षा या अपमान की भावना पैदा होने पर उसका रुख तेजी से बदलने की क्षमता भी रखता है। यही वजह है कि नरेंद्र सिंह तोमर के गुलाटी वाले बयान के बाद भाजपा को सार्वजनिक रूप से डैमेज कंट्रोल करना पड़ा।

बहरहाल, दतिया उपचुनाव ने भाजपा और कांग्रेस दोनों को स्पष्ट संकेत दे दिया है कि मध्य प्रदेश की आगामी राजनीतिक लड़ाई केवल नेताओं के भाषणों या चुनावी नारों से नहीं जीती जाएगी। सामाजिक सम्मान, प्रतिनिधित्व और ओबीसी वर्गों के साथ मजबूत संवाद आने वाले चुनावों की दिशा तय करेगा। नरेंद्र सिंह तोमर की सार्वजनिक माफी इस बात का प्रमाण है कि मध्य प्रदेश की राजनीति में कुशवाहा समाज अब केवल एक वोट बैंक नहीं, बल्कि सत्ता का समीकरण बदलने वाली निर्णायक राजनीतिक ताकत बन चुका है।

## आज का राशिफल

### मेष
बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

### वृष
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

### मिथुन
पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। लेनदारी वसूल होगी।

### कर्क
स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

### सिंह
कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### कन्या
रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### तुला
यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

### वृश्चिक
लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। माता को कष्ट रहेगा। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी।

### धनु
लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

### मकर
भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। मशक्कत करने से लाभ होगा।

### कुंभ
प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे। शत्रु भय रहेगा।

### मीन
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। घर-बाहर अशांति रह सकती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# पीठ के बल लेटकर रोज करें यह योगासन, दर्द से मिलेगी राहत

योग करना न सिर्फ हमारे शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। योग कई तरीकों से किया जा सकता है। योग आसन, ध्यान और सांस का मिश्रण होता है। योगासन को बैठकर, खड़े होकर और लेटकर किया जा सकता है। कुछ योगासन पेट के बल लेटकर किए जा सकते हैं, तो कुछ योगासन पीठ के बल लेटकर भी आसानी से किए जाते हैं। जी हां, पीठ के बल लेटकर सिर्फ सोना नहीं, बल्कि योगासन करना भी काफी लाभकारी होता है। पीठ की मांसपेशियों को मजबूत बनाने, पीठ के दर्द को ठीक करने और रीढ़ की हड्डी का स्ट्रेस कम करने के लिए आप पीठ के बल लेटकर योग कर सकते हैं।



### शवासन

शवासन पीठ के बल किए जाने वाले आसनों में से एक सबसे ईजी योगासन है। इस योगासन के नियमित अभ्यास से तन, मन और शरीर शांत रहता है। इससे तनाव और थकान दूर होती है। साथ ही मसल्स स्ट्रेस भी कम होती है। ऐसे में इस आसन को करने से पीठ की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं और दर्द से राहत मिल सकती है।

#### कैसे करें

- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले एक मैट बिछा लें।
- इसके बाद मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। पैरों के बीच थोड़ा गैप बनाकर रखें।
- अपने दोनों हाथों को शरीर के समानांतर रखें। आप चाहें तो हाथों को फैला भी सकते हैं।
- अब इस अवस्था में गहरी सांस लें और छोड़ें। ध्यान लगाने की कोशिश करें और शांत रहें।

### सेतु बंधासन

सेतु बंधासन को भी पीठ के बल लेटकर ही किया जाता है। इस आसन को रोजाना करने से रीढ़ की हड्डी, कमर, जांघ और पिंडलियों को मजबूती मिलती है। साथ ही पीठ और कंधों के दर्द में भी आराम मिलता है।

#### कैसे करें

- सेतु बंधासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं।
- दोनों पैरों के घुटनों को मोड़कर तलवों को जमीन पर रखें।
- इसके बाद हाथ सीधे करें और अपनी एड़ियों को पकड़ लें।
- फिर अपने कूल्हों और छाती को ऊपर ऊठाएं।
- छाती को इतने ऊपर तक ले जाएं कि ठोड़ी छाती को छूने लगे।
- इस स्थिति में आप 30-60 सेकेंड तक रुक सकते हैं।

# झाइयां के कारण दिखने लगी हैं बूढ़ी शरीर में हो सकती है इन चीजों की कमी

लगभग सभी स्किन केयर प्रोडक्ट्स में विटामिन्स का इस्तेमाल किया जाता है और निश्चित रूप से इसमें झाइयों को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। तो, क्यों न समझें कि यह समस्या शरीर में किन विटामिन्स की कमी से होती है।

### झाइयों के लिए विटामिन्स कैसे काम करते हैं

झाइयों की समस्या तब होती है जब हमारी त्वचा में मेलेनिन का लेवल बढ़ जाता है। कई कारण आपके मेलेनिन उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं और झाइयों का कारण बन सकते हैं। आपकी त्वचा में बढ़े हुए मेलेनिन को प्रभावित करने वाले कुछ कारकों में आपकी उम्र, हार्मोन, त्वचा की समस्याएं, सूर्य के संपर्क में आना, आहार की कमी या अन्य कोई बीमारी आदि शामिल हैं। मेलेनिन उत्पादन को कम करने वाले विटामिन त्वचा की टोन और बनावट में सुधार करने का एक प्रभावी तरीका है। जब आप सही मात्रा में सही विटामिन्स का उपयोग करती हैं, तब वे कुछ ही समय में अद्भुत काम करते हैं। विटामिन तेजी से त्वचा कोशिकाओं के विकास को बढ़ावा देते हैं और सेल स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। वे त्वचा में कोलेजन के उत्पादन को भी बढ़ावा देते हैं, जो बदले में त्वचा की लोच में सुधार करता है और फाइन लाइन्स को कम करता है। यह त्वचा को शाइनी दिखने में भी मदद करता है।



### विटामिन-सी

विटामिन-सी का इस्तेमाल करने के कई फायदों के बारे में आपने सुना होगा। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, इस विटामिन में एंटी-एजिंग लाभ होते हैं जो त्वचा के ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करते हैं और आपको स्मूथ, शाइनी और यहां तक कि त्वचा की टोन प्राप्त करने में मदद करते हैं। यह त्वचा में कोलेजन के उत्पादन में सुधार के अलावा फाइन लाइन्स और झुर्रियों को कम करता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि झाइयों के लिए विटामिन-सी सभी प्रकार की त्वचा पर सबसे अच्छी तरह काम करता है। यह लालिमा, खुजली और झुर्रीदारपन को दूर रखता है। यह आपके अंडर-आई सर्कल्स और पफीनेस को भी कम करता है। सन एक्सपोजर और इससे होने वाला त्वचा का डैमेज हाइपरपिग्मेंटेशन का एक प्रमुख कारण है।

### विटामिन-ई

विटामिन-ई आपकी त्वचा के हेल्थ के लिए सबसे अच्छे विटामिन्स में से एक है। साथ ही यह सबसे शक्तिशाली विटामिन है जो आपकी त्वचा पर मेलेनिन उत्पादन को कम करता है। कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स में झाइयों को कंट्रोल करने की क्षमता के लिए विटामिन ई शामिल है। इसकी कमी से चेहरे पर समस्या दिखाई देने लगती है। पिगमेंटेशन के लिए विटामिन-ई सबसे अच्छी तरह काम करता है। यह विटामिन एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है जो आपकी त्वचा पर पफीनेस, झुर्रियां और झाइयां दिखने को कम करता है। झाइयों के लिए होंठों के आस-पास विटामिन-ई का उपयोग भी अच्छे रिजल्ट प्रदान करता है।

### विटामिन-ए

एक और विटामिन जिसकी कमी से झाइयों की समस्याहो सकती है। वह विटामिन-ए है। यह त्वचा में टायरोसिनेस के लेवल को नियंत्रित करता है। टायरोसिनेस एक एंजाइम है जो हमारी त्वचा में मेलेनिन उत्पादन को प्रभावित करता है। इस एंजाइम और इसकी एक्टिविटी को कंट्रोल करके, विटामिन-ए हाइपरपिग्मेंटेशन को 70% तक कम करने में मदद कर सकता है। विटामिन-ए झुर्रियों और ढीली त्वचा को रोकने के अलावा आपकी त्वचा को बेदाग और सॉफ्ट बनाता है। यह आपके पोर्स के साइज को कम करने और नई कोशिका वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भी जाना जाता है। न सिर्फ झाइयों बल्कि कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में भी विटामिन बेहद प्रभावी हैं। विटामिन जो मेलेनिन उत्पादन को कम करते हैं, आपकी त्वचा को ड्राईनेस, पैचनेस, लालिमा जैसे अन्य समस्याओं से निपटने में भी मदद करते हैं। यदि आप अपने भोजन से पर्याप्त विटामिन नहीं लेती हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप डॉक्टर से परामर्श करने के बाद विटामिन की कमी के लिए सप्लीमेंट लें।

# सिरदर्द और थकान किस विटामिन की कमी से होती है?

अकसर हम बहुत अधिक थकान और सिरदर्द महसूस करते हैं। ऐसा आमतौर पर पर्याप्त नींद न लेने या ठीक से न सोने के कारण होता है।

साथ ही अगर आप भोजन ठीक से नहीं करते हैं, या ओवरईटिंग के कारण भी बहुत बार थकान की समस्या होती है। जंक और प्रोसेस्ड फूड्स खाने के बाद भी थकान और नींद आना बहुत आम है। कभी-कभी सिरदर्द और थकान की होना बहुत आम है और आमतौर पर इससे ज्यादा नुकसान नहीं होता है। लेकिन अगर आप अक्सर ही बहुत अधिक थकान और सिरदर्द जैसी समस्याओं का सामना करते हैं, तो यह शरीर में पोषक तत्वों की कमी का संकेत हो सकता है। बी विटामिन जिनमें विटामिन बी2- राइबोफ्लेविन, बी3- नियासिन, बी5- पैण्टोथेनिक एसिड, बी6- पाइरिडोक्सिन, बी9- फोलेट, बी12 आदि शामिल है।

**विटामिन डी :** ये विटामिन ऑक्सीजन वितरण और ऊर्जा उत्पादन में अहम भूमिका निभाते हैं। जब शरीर में इनकी कमी हो जाती है तो यह थकान को कारण बनते हैं- खासकर विटामिन बी12 की कमी।

विटामिन बी12 की कमी के कारण शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की मात्रा भी प्रभावित होती है। यह शरीर में खून की कमी या एनीमिया का भी कारण बन सकता है, जिसकी वजह से भी आप सारा दिन थका हुआ महसूस करते हैं।

**इन विटामिन की कमी को पूरा करने के लिए क्या खाएं?**

विटामिन बी कमी को पूरा करने के लिए आप दूध, दही, पनीर, छाछ के साथ ही गाजर, सैल्मन, शकरकंद, केले, एवोकाडो, छोले, पालक, टूना मछली, अंडा, मीट आदि को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। विटामिन सी के लिए आप आंवला, नींबू, अमरूद, संतरा, मौसमी आदि जैसे खट्टे फलों का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा आप सलाद, हरी-पत्तेदार सब्जियां और ब्रोकली आदि को बी डाइट में शामिल कर सकते हैं। विटामिन डी के लिए आप रोजाना सुबह या शाम धूप में कम से कम 10 मिनट जरूर बैठें। इसके अलावा दूध और दूध से बने उत्पाद, मछली, अंडे, मीट, अनाज और संतरा आदि को डाइट का हिस्सा बनाएं।

# बाबा छोटूनाथ स्कूल में बनेगा इनडोर स्टेडियम, ऐतिहासिक राणोराव तालाब का होगा कायाकल्प



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के पांचवें चरण के तहत लगभग 12 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर आरयूआईडीपी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गुरुवार को राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में हुए इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया, प्रबुद्धजनों और अन्य हितधारकों से परियोजना के संबंध में सुझाव और फीडबैक लिए गए। परियोजना के अधिशाषी अभियंता दीपक मांडण और सहायक अभियंता मनीष बिश्नाई ने जानकारी दी कि एशियन डेवलपमेंट बैंक के वित्तपोषण से अपशिष्ट जल प्रबंधन और शोधित जल के पुन: उपयोग से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों पर अनुमानित 12 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उपखंड अधिकारी निधि उड़सरिया ने कार्ययोजना में विभिन्न सुझावों को शामिल करने पर जोर दिया। इनमें राठीखेड़ी क्षेत्र में सीवर लाइन, मोहनपुरा और कानपुरा बस्ती में बरसाती पानी की निकासी, प्रमुख चौराहों का विकास, बच्चों के लिए खेल सुविधाएं, बाबा छोटूनाथ स्कूल में खेल मैदान व इनडोर स्टेडियम, रानाराव तालाब सहित ऐतिहासिक स्थलों का विकास और शहर के प्रवेश-निकास द्वारों का सौंदर्यकरण शामिल हैं। अधिशाषी अभियंता दीपक मांडण ने परियोजना की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने समय पर सुझाव देने और योजना के बारे में जागरूकता फैलाने की अपील की। नगर पालिका के सहायक अभियंता उपेंद्र मीणा सहित अन्य अधिकारियों ने इस परियोजना को नोखा के लिए अहम बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि परियोजना के सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएंगे।

उन्होंने भी कहा कि क्रियान्वयन के दौरान आमजन न्यूनतम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## जैतासर में हुआ फोलो अप कैंप का आयोजन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत जैतासर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में ग्रामीण सेवा शिविर का फॉलो अप कैम्प का आयोजन शिविर प्रभारी तहसीलदार अर्जुनलाल सालोदिया की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी सालोदिया ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 07 जन्म प्रमाण पत्र, 04 विवाह प्रमाण पत्र, 06 जॉब कार्ड, 10 शौचालय निर्माण के आवेदन, राजस्व विभाग द्वारा 02 खाता शुद्धिकरण, 04 पट्टा वितरण, 03 अंतकाल, 15 फार्मर रजिस्ट्रीकरण एवं 02 हकत्याग के कागजात तैयार किए गए। चिकित्सा विभाग द्वारा 220 लोगों की जांच, 170 टीबी स्क्रीनिंग एवं 160 की एलसीडी जांच की गई, पशुपालन विभाग द्वारा 195 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा 140 लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। शिविर में सहायक विकास अधिकारी ठाकुरमल कताला, ग्राम विकास अधिकारी माणकचन्द, प्रशासक भीखाराम ओजला कृषि विभाग से पूजा वर्मा सहित 18 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर आमजन के कार्य संपादित किए गए हैं।

## अपना घर आश्रम के लिए सड़क निर्माण का शुभारंभ




नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम के लिए सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर किया । संस्थापक अध्यक्ष डॉ विजय प्रकाश गोयल की अध्यक्षता में हुए समारोह में पूर्व पालिकाध्यक्ष शिव भगवान कम्मा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, सहायक अभियंता सद्दाम हुसैन और डॉ गोपाल दत्त शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। समारोह को संबोधित करते हुए महर्षि ने कहा कि इस स्थान पर आकर आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है और फुटपाथ व सड़क किनारे दीनहीन अवस्था में पड़े रेस्क्यू किए गये लोगों के लिए आवास, भोजन, चिकित्सा सहित घर जैसी तमाम सुविधाओं की व्यवस्था देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता है। उन्होंने आश्रम परिसर में बनवाए जाने वाले वृद्धाश्रम की सड़क का निर्माण भी शीघ्र शुरू करवाने की घोषणा की। ठेकेदार हरिओम स्वामी ने गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ 15 अगस्त से पूर्व निर्माण सम्पूर्ण होने का विश्वास व्यक्त किया। आश्रम ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास ने निराश्रित, बेसहारा और परिवार से बिछुड़े विमंदित लोगों की सेवार्थ आश्रम में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए वृद्धाश्रम निर्माण हेतु चल रहे प्रयासों से अवगत कराया। कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर ने समस्त सहयोगी दानदाताओं का आभार प्रकट करते हुए एक दिवसीय माधव सेवा सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया।

## जलभराव और गन्दगी से निजात दिलाने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नयाबास स्थित पांड्या रोड, चांडक रोड के निवासियों ने बरसात के समय होने वाले जलभराव एवं भयंकर गंदगी से निजात दिलाने हेतु उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा एवं नगर परिषद के सहायक नगर नियोजक उदयसिंह गुर्जर को कार्यालय में जाकर ज्ञापन दिया गया एवं अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। दोनों अधिकारियों को बताया गया कि सारी गलियां एवं चैराहों पर लगातार जलभराव की स्थिति रहने, सीवरेज के चैंबरों की सफाई न होने से सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर आ जाने तथा नालियों की अनियमित सफाई होने, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा सारा कचरा एवं गंदगी सड़क पर फैला दी जाती है, जिससे आम जन परेशान है। ज्ञापन में मांग की गई है कि स्थायी पंप लगवाकर पानी निकासी की व्यवस्था करवाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ओमप्रकाश मालानी, कमल तापड़िया, पवन मौसूण, वीरेंद्र जैन, संजय शर्मा, रोहित शर्मा, अमन जैन, प्रवीण सोनी, अभिनव शर्मा, आनंद चांडक, सतीश, देवेंद्र, राकेश, माधव, विनोद सोनी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर एफएलओ कलेक्टिव-2026 में पहुंची उपमुख्यमंत्री



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित एफएलओ कलेक्टिव-2026 प्रदर्शनी में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की। महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी उत्पादों और राजस्थान की समृद्ध हथकरघा एवं हस्तशिल्प परंपरा पर केंद्रित इस प्रदर्शनी में उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और महिला उद्यमियों एवं कारीगरों से उनके उत्पादों, तकनीक और कार्यशैली की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रत्येक कलाकृति राजस्थान के कारीगरों के कौशल, मेहनत और समर्पण की कहानी बताती है। उन्होंने कहा कि हथकरघा और हस्तशिल्प हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं, जिन्हें बढ़ावा देने की जरूरत है। दिया कुमारी ने कहा कि 60 से अधिक महिला संचालित और उभरते ब्रांड्स का एक मंच पर आना प्रेरणादायक है। यह दर्शाता है कि राजस्थान की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा सक्षम हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और देश के हस्तशिल्पकारों व बुनकरों को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलती है और महिला उद्यमियों को अपने हुनर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। उपमुख्यमंत्री ने एफएलओ कलेक्टिव-2026 के आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए मजबूत मंच उपलब्ध कराते हैं।

## भामाशाह स्नेह मिलन समारोह आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाय में सीबीईओ बबलेश शर्मा के मार्गदर्शन में एक भव्य भामाशाह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भामाशाह एलडी सरावगी ने शिरकत की। उन्होंने शिक्षा के इस पावन और नेक कार्य में अपना बहुमूल्य सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीबीईओ बबलेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय वह पावन मंदिर है जहाँ से मनुष्य अपने जीवन की नींव रखता है और भविष्य की ऊँचाइयों को छूता है। आज के इस तकनीकी दौर में डिजिटल शिक्षा विलासिता नहीं बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर आज भी कई ऐसे विद्यालय हैं जहाँ संसाधनों के अभाव में डिजिटल शिक्षा की पहुँच नहीं है और इस प्रकार के आयोजनों से ऐसे विद्यालयों को भी तकनीक से जोड़ने में मदद मिलेगी। समारोह के दौरान भामाशाह एलडी सरावगी ने विद्यालय के कक्षा-कक्षों में जाकर वहां पहले से संचालित स्मार्ट टीवी और इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। डिजिटल शिक्षण प्रणाली की उपयोगिता और विद्यार्थियों पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव से वे इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने अन्य भामाशाहों के सहयोग से ब्लॉक के विद्यालयों में कुल 51 स्मार्ट टीवी लगवाने का एक बड़ा और सराहनीय लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही उन्होंने 11 स्मार्ट टीवी अतिशीघ्र ब्लॉक के विद्यालयों में लगवाने का आश्वासन भी दिया।

विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य ओम प्रकाश मान और सीबीईओ बबलेश शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं प्रमुख भामाशाह एलडी सरावगी का पारंपरिक तरीके से माल्यार्पण कर तथा दुपट्टा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में दलीप सिंह राठौड़, मनीष सोनी, सत्यनारायण मित्तल, गोविंद राम होदकासिया, श्रवण सिंह चारण और अमरचंद जोशी सहित विद्यालय के अन्य समस्त कार्मिक, विद्यार्थी तथा ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रणजीत वालिया द्वारा किया गया।

# सतरंगी सावन लहरिया उत्सव कल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सावन की फारों, लहरिया की रंगत और राजस्थानी लोक संस्कृति के उल्लास से सराबोर सतरंगी सावन लहरिया उत्सव का आयोजन 8 अगस्त शनिवार को दोपहर 1 बजे से राजा पार्क स्थित होटल क्लिक में होगा। नृत्यम फाउंडेशन एवं नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सांस्कृतिक आयोजन में महिलाएं अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन करेंगी। आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक भीम सिंह कासनिया होंगे। कार्यक्रम में वंशिका शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। वहीं तेलंगाना से जयंती सिंह विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। अन्य अतिथियों में उमा भारती और चन्द्रप्रकाश जेठानी शामिल रहेंगे। सहयोगी अतिथियों के रूप में शर्मा ज्वेलरी, प्रग्नया ज्वेलरी तथा अर्जुन मीणा की सहभागिता रहेगी। आयोजन में सावन की पारंपरिक थीम पर आधारित विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें सावन क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस और बेस्ट मेहंदी प्रतियोगिताएं प्रमुख रहेंगी। विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजकों के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराने के साथ.साथ सावन, लहरिया और राजस्थानी लोक संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को बढ़ावा देना है।

## बाइक चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** नाहरगढ़ थाना पुलिस और जिला विशेष टीम डीएसटी उत्तर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। वारदात में शामिल उसके साथी सोहेल उर्फ टिंडा की तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि चांदपोल स्थित हनुमान मंदिर के बाहर से श्रद्धालु की मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में नाहरगढ़ थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर चोर अनीस खान निवासी नाहरी का नाका शास्त्री नगर जयपुर गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद कर ली गई।

# न खाने का सहारा, न रहने की व्यवस्था : योजनाओं से वंचित गोदाराम धाणक की दर्दभरी जिंदगी, आखिर कौन बनेगा सहारा



निसं

**पाटन ( नवयत्न )।** तहसील पाटन के ग्राम हसामपुर निवासी गोदाराम धाणका आज ऐसी परिस्थितियों में जीवन बिताने को मजबूर हैं, जहाँ न रहने के लिए सुरक्षित आश्रय है, न नियमित भोजन की व्यवस्था और न ही बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएँ। सबसे चिंताजनक बात यह है कि उनका नाम मतदाता सूची से भी हट चुका है, जिससे उनकी पहचान और सरकारी योजनाओं तक पहुँच और कठिन हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार गोदाराम मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। कुछ वर्ष पहले उनकी माता लापता हो गई थीं और पिता का भी निधन हो चुका है। परिवार का कोई सहारा नहीं होने के कारण वे अकेले ही अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोदाराम को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं है। और न ही अपने अधिकारों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की स्थिति में हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि समाज के सबसे कमजोर और असहाय व्यक्ति तक यदि सरकारी योजनाएँ नहीं पहुँच पा रही हैं, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गोदाराम की तत्काल पहचान सुनिश्चित कर उनका नाम आवश्यक अभिलेखों और मतदाता सूची में जोड़ा जाए। साथ ही उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन, आवास, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। मानसिक स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक उपचार की व्यवस्था भी प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए। गोदाराम की कहानी केवल एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं, बल्कि उन लोगों की वास्तविकता को भी सामने लाती है जो जानकारी, संसाधनों और पारिवारिक सहारे के अभाव में सरकारी व्यवस्था से दूर रह जाते हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले में कितनी संवेदनशीलता दिखाते हैं और कब तक इस जरूरतमंद व्यक्ति तक मदद पहुँचती है।

## नोखा क्षेत्र अभय कमांड सेंटर से जुड़ेगा, 16 स्थानों पर लगेंगे 32 हाईटेक कैमरे

### असामाजिक तत्वों और बदमाशों की 24 घंटे होगी निगरानी

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा शहर की सुरक्षा व्यवस्था अब पूरी तरह हाईटेक होने जा रही है। शहर को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस विभाग ने बड़ा कदम उठाते हुए नोखा को अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। परियोजना के तहत शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कैमरे चालू होते ही पूरे शहर की गतिविधियों पर 24 घंटे तीसरी आंख की नजर रहेगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी सीधे कंट्रोल सेंटर तक पहुंचेगी। शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए लाडली सुरक्षा योजना के तहत 16 प्रमुख स्थानों पर 32 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कैमरे लगाने का कार्य तेजी से जारी है। कैमरे लगाने वाले ठेकेदार अजय कुमार और सुरेश कुमार ने बताया कि लगाए जा रहे कैमरे अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। इनमें हाई क्वालिटी नाइट विजन की सुविधा होगी, जिससे रात के समय भी स्पष्ट निगरानी की जा सकेगी। साथ ही बिजली बाधित होने की स्थिति में कैमरों को 8 से 10 घंटे का बैटरी बैकअप मिलेगा। उन्होंने बताया कि कैमरों की खासियत शहर में लगाए जा रहे आधुनिक सीसीटीवी कैमरे हाई-रिजोल्यूशन और नाइट विजन तकनीक से लैस हैं, जो दिन और रात दोनों समय स्पष्ट रिकॉर्डिंग करेंगे। कैमरों के लिए अलग बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा बिजली कटौती की स्थिति में भी रिकॉर्डिंग जारी रखने के लिए बैटरी बैकअप की व्यवस्था की गई है। कैमरे ऊंचे पोल पर लगाए जा रहे हैं ताकि उनके साथ छेड़छाड़ न हो सके। इनकी लाइव फुटेज सीधे अभय कमांड सेंटर तक पहुंचेगी। जयपुर स्थित केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम से भी जोड़ा जाएगा, जहां से उनकी निगरानी की जाएगी। इसके अलावा नोखा में भी स्थानीय मॉनिटरिंग पॉइंट बनाया जाएगा, जिससे पुलिस और प्रशासन आवश्यकता पड़ने पर तुरंत फुटेज देख सकेंगे।

### यहां रहेगी सीधी नजर

परियोजना के तहत शहर के सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों का चयन किया गया है। इनमें बाबा छोटू नाथ स्कूल, बिश्नोई धर्मशाला, सीओ कार्यालय, जैन चौक, लखारा चौक, मरोठी चौक, मस्जिद चौक, एमएलबी गवर्नमेंट कॉलेज, नवलीगेट, पीपली चौक, पब्लिक पार्क, रायसर फांटा, रामदेव चौक, रिलायंस चौक, रोडवेज बस स्टैंड, सदर बाजार, पुल के नीचे और मुख्य बस स्टैंड शामिल हैं। इन सभी स्थानों की लाइव मॉनिटरिंग अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से की जाएगी, जिससे पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था पहले से अधिक मजबूत और प्रभावी हो सकेगी। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार पांचू, जसरासर सहित अन्य स्थानों पर भी लाडली सुरक्षा योजना के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इससे अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय रजत पदक विजेता दाधीच का किया स्वागत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जॉर्जिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में भारत के लिए रजत पदक जीतकर लौटी तारानगर की होनहार बेटी तन्वी दाधीच पुत्री सुशील दाधीच का नगरवासियों ने भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा, तिरंगों और भारत माता के जयघोष के बीच निकली विजय यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। विजय यात्रा के दौरान भगत सिंह चौक पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ तनवी दाधीच एवं उनके कोच चिंकित शर्मा ने अमर शहीद शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा शहीद भगत सिंह अमर रहें के गगनभेदी नारे लगाए। पूरा चौक देशभक्ति के नारों से गूंज उठा और उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ वीर शहीद को नमन किया। इसके पश्चात विजय यात्रा श्रीआशापूर्ण बालाजी मंदिर पहुँची, जहाँ मंदिर के विजय पुजारी ने अंतर्राष्ट्रीय रजत पदक विजेता तनवी दाधीच का साफा, माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

साथ ही उनके गुरु एवं कोच चिंकित शर्मा का भी विशेष सम्मान किया गया। पुजारी ने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन, अनुशासन और समर्पण से ही खिलाड़ी विश्व मंच पर देश का नाम रोशन करते हैं। समारोह में उपस्थित नागरिकों, खेल प्रेमियों एवं गणमान्य लोगों ने तनवी, उनके पिता सुशील दाधीच व कोच चिंकित शर्मा का जोरदार स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि तनवी आने वाले समय में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव और अधिक बढ़ाएंगी।

## अवैध देशी कट्टे के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत डीएसटी जयपुर दक्षिण और मुहाना थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राजने बताया कि आउटर क्षेत्र की ढाणियों और कॉलोनियों में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इस पर मुहाना थानाधिकारी मुकेश कुमार खारड़िया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

## निराश्रित गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान की मांग, सौंपा ज्ञापन

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** प्रदेश में बढ़ती निराश्रित गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर गौ ग्राम सेवा संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ललित दाधीच ने गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गोवंश संरक्षण के लिए ठोस एवं दीर्घकालिक नीति लागू करने की मांग करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। ललित दाधीच ने बताया कि प्रदेश में निराश्रित गोवंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है और किसानों की फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए रातभर खेतों में पहरा देना पड़ता है, जिससे उनकी आर्थिक और सामाजिक परेशानियां बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग चार हजार गौशालाएं संचालित होने के बावजूद निराश्रित गोवंश की समस्या का प्रभावी समाधान नहीं हो पाया है। सरकार गौ-सेवा सेस के माध्यम से राशि एकत्रित कर रही है लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में गोवंश सड़कों और गलियों में भटकने को मजबूर हैं तथा प्लास्टिक खाने और कुपोषण के कारण उनकी मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के लिए गौशालाओं को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। ज्ञापन में मांग की गई कि निराश्रित गोवंश की जिम्मेदारी पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को सौंपी जाए तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर निकाय में कांजी हाउस की स्थापना अनिवार्य की जाए। इसके संचालन के लिए अतिरिक्त गौ-सेवा सेस लगाने का भी सुझाव दिया गया। संघ ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण-पत्रों, बिजली-पानी के बिलों, एनओसी, पट्टों और निविदाओं पर नाममात्र का गौ-सेवा सेस लगाया जाए। इसके अलावा कृषि विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पेट्रोलियम उत्पादों तथा डेयरी उत्पादों पर भी गौ-सेवा सेस लगाकर एक स्थायी निधि तैयार की जाए, जिससे निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं कांजी हाउसों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी एवं आबकारी के माध्यम से गौ-सेवा सेस लगाकर गौ संवर्धन निधि की स्थापना की थी, जो देशभर में एक सराहनीय पहल मानी गई। उसी तर्ज पर वर्तमान सरकार से भी प्रभावी एवं स्थायी नीति लागू करने का आग्रह किया गया। गौ ग्राम सेवा संघ ने मुख्यमंत्री से गोवंश संरक्षण के इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

## धारदार हथियार से हमला के आरोपी को 7 साल की सजा, 20 हजार का जुर्माना

संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार पंचौली ने धारदार हथियार से प्राणघातक हमला करने के मामले में आरोपी अशोक कुमार पुत्र बीरबल राम निवासी ढाणी चेची तन दोराता, थाना बबाई को 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को 3 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। मामले के अनुसार 26 जून 2025 को परिवादी सुभाषचंद्र बलीवाल निवासी ग्राम मालसर ने सदर थाना में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि उसने अपने खेत पर काम के लिए बीरबल को रखा हुआ था, जो अपने परिवार सहित वहीं बने कमरे में रहता था। 24 जून 2025 की रात करीब 9 बजे बीरबल का पुत्र अशोक खेत में तारबंदी के नीचे से घुस रहा था। इस पर परिवादी के पुत्र संजय ने उसे रोकते हुए पूछा तो अशोक गाली-गलौज करने लगा।

### कुल्हाड़ी से सिर और पैर पर किया वार

विवाद बढ़ने पर अशोक ने पास में पड़ी कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार से संजय के सिर पर वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। इसके बाद पैर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल संजय को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके सिर और पैर का ऑपरेशन किया गया और वह लंबे समय तक बोलने की स्थिति में नहीं रहा।

### अदालत में 13 गवाह और 29 दस्तावेज पेश

पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में चालान पेश किया। राज्य पक्ष की ओर से लोक अभियोजक रामावतार ढाका ने 13 गवाहों के बयान और 29 दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए कठोर सजा की मांग की।

### फैसला : सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी

न्यायालय ने साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। साथ ही अन्य धाराओं में भी दंड देते हुए सभी सजाएं साथ-साथ चलाने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि जुर्माने की राशि जमा होने पर अपील अवधि समाप्त होने के बाद पूरी राशि घायल संजय कुमार को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाए।

## दो हथियार तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम टीम ने नाहरगढ़ और करधनी थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी टीम द्वारा विकसित की गई सूचना के आधार पर की गई। पहली कार्रवाई नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में की गई। जहां सीएसटी और नाहरगढ़ थाना पुलिस की टीम ने ब्रह्मपुरी रोड स्थित सैनी जूस सेंटर के पास संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। इस दौरान आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी संजय सैनी निवासी ब्रह्मपुरी रोड नाहरगढ़ जयपुर को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी कार्रवाई करधनी थाना क्षेत्र में की गई। सीएसटी और करधनी थाना पुलिस ने कच्ची बस्ती यादवों की ढाणी से 7 नंबर बस स्टैंड जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध युवक की घेराबंदी कर तलाशी ली। उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी विनय जायसवाल निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस आरोपियों से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# भगवान महादेव का मौसमी रस से अभिषेक व चनादाल से सहस्त्रार्चन किया

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** तहसील परिसर स्थित अर्केश्वर महादेव मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देवाधिदेव भगवान महादेव के पवित्र प्रिय श्रावण मास में मंदिर व्यवस्थापक लालचन्द उपाध्याय के सानिध्य एवं दो विद्वान पंडितों बलराम कठातला व मधुसुदन कठातला द्वारा मंत्रोचार सहित विधिविधान से अर्केश्वर महादेव परिवार के दिनेशसिंह राजपुरोहित की अगुवाई में सांय 5 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक हो रही श्रावणी विशेष पूजा अर्चना के नवें दिन गुरुवार को भगवान महादेव का मौसमी रस से अभिषेक व चना दाल से सहस्त्रार्चन किया गया। विभिन्न द्रव्यों पंचामृत, गन्नारस, गंगाजल, इत्रजल, चन्दनजल, विजयाजल आदि से व विभिन्न प्रकार के ताजे पुष्पों, बीलपत्रों, दुर्वा, समीपत्र, गुलाल, अबीर, विजया आदि भगवान भोलेनाथ को अर्पण कर महादेव का विशेष अलौकिक श्रृंगार, मनमोहक पुष्प सजावट, इत्र की महक और भाव भक्ति से सरोबार शिव भक्त मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। अर्केश्वर महादेव परिवार की टीम के इन्द्रचन्द मोदी ने बताया कि पूजा करने वालों में मोहित जोशी, ओमप्रकाश पारीक, ओमप्रकाश राठी, जयकरण चारण, विजय मारू, अनिल पारीक, प्रवीण भूरा, राधे सोनी, नवरतन सोनी, गोपाल मालाणी, राजाराम बिश्नोई, शिवराज बिश्नोई, बाबूलाल साध, राजू पनवाड़ी, आनंद रैगर, मालचन्द सेवग, घनश्याम छिंपा, उमेश राठी, ब्रह्मप्रकाश तंवर सहित टीम के सभी सदस्यों के अलावा भी बड़ी तादाद में शिव भक्त पूजा में शामिल होकर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। ज्ञात रहे टीम के 4 युवा सदस्य हिमेश सुथार, महेश पंचारिया, नवीन पंचारिया और राजवीर सिंह पूजा से एक घंटे पहले मंदिर पहुंच कर पूजा की समस्त तैयारियां करने व पूजा सम्पन्न होने के बाद सफाई करने का कार्य कर बड़ा पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। पूजा के दौरान प्राप्त हर रोज महादेव को विशेष प्रसाद चढ़ाकर भक्तों में वितरित हो रही है।

## सिंघाना में 11 हजार पौधों के नि:शुल्क वितरण का शुभारंभ

### केसीसी और सहयोग एक पहल संस्थान की पहल, पहले लगाए 20 हजार पौधे बन चुके हैं पेड़

मधु दहिया




**सिंघाना ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गुरुवार को सिंघाना में बड़ी पहल की गई। सहयोग एक पहल संस्थान और एचसीएल (केसीसी), खेतड़ी नगर के संयुक्त तत्वावधान में 21 हजार पौधे लगाने के अभियान के पहले चरण में 11 हजार नि:शुल्क पौधों के वितरण का शुभारंभ किया गया। शिव कॉलोनी स्थित शिव पार्वती एंटरप्राइजेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पौधे लेकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केसीसी इकाई प्रमुख पी.डी. बोहरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण ही प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उप महाप्रबंधक वी.के. शर्मा और पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रबंधक रामोजी राव ने भी संस्था के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सियाराम शर्मा ने की, जबकि संचालन अजीत जांगिड़ ने किया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने नि:शुल्क पौधे प्राप्त किए और उनकी सुरक्षा व संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विजेंद्र, मैक्स नायक, बुधराम गुर्जरवास, रफीक खान, इकबाल खान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### 20 हजार पौधे बन चुके हैं पेड़

संस्थान के अध्यक्ष डीपी सैनी ने बताया कि संस्था केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करती है। इसी का परिणाम है कि पिछले वर्षों में लगाए गए 20 हजार से अधिक पौधे आज विकसित होकर पेड़ों का रूप ले चुके हैं।

## 14 अगस्त से सजेगा जाखल तीज मेला, 10 दिन तक रहेगा रौनक का माहौल

### 15 को निकलेगी तीज माता की भव्य शोभायात्रा, न्यू कमल सर्कस रहेगा आकर्षण




निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र का प्रसिद्ध जाखल तीज मेला इस वर्ष 14 से 23 अगस्त तक आयोजित होगा। लगातार चौथे वर्ष लगने वाले इस दस दिवसीय मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन समिति ने पोस्टर का विमोचन कर कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी की। मेला अध्यक्ष रामदीन कुमावत ने बताया कि इस बार धार्मिक परंपराओं के साथ मनोरंजन और खरीदारी की विशेष व्यवस्था रहेगी। मेले का मुख्य आकर्षण न्यू कमल सर्कस होगा। इसके अलावा बच्चों और युवाओं के लिए डॉलर झूला, बोट राइड, ब्रेक डांस, ड्रैगन सहित कई आधुनिक झूलों की व्यवस्था रहेगी।

**15 अगस्त को निकलेगी तीज माता की शोभायात्रा**-15 अगस्त को तीज माता की पारंपरिक और भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर तीज माता के दर्शन करेंगे। शोभायात्रा के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

**पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दुकानें**-मेले में घरेलू सामान, हस्तशिल्प, खिलौने, श्रृंगार सामग्री और खान-पान के स्टॉल लगाए जाएंगे। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को खरीदारी के साथ मनोरंजन का भी अवसर मिलेगा। आयोजन समिति के अनुसार दुकानों का आवंटन 2 अगस्त से शुरू हो चुका है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर व्यापारियों को स्थान दिया जा रहा है। समिति ने दुकानदारों से समय रहते आवेदन कर स्थान सुरक्षित कराने की अपील की है।

## छात्राओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी

विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षण संस्थान चिड़ावा में संस्थान निदेशक शिक्षाविद् श्रीराम थालौर की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

तालुका विधिक सेवा समिति के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एडीजे नरेंद्र सिंह थे। विशिष्ट अतिथि संस्थान सचिव संजय थालौर, चेयरपर्सन नीतिका थालौर, एडवोकेट विजय गुरावा, करणीराम थे। एडीजे नरेंद्र सिंह ने छात्राओं को गुड टच - बैड टच, दुर्व्यवहार से बचाव, सुरक्षा के लिए बने कानूनों की जानकारी दी। इस अवसर पर गोपीचंद जांगिड़, डॉ सुभाष बोला, डॉ दिनेश गौतम, डॉ विजेंद्र पूनिया, दीपा, अंजना सोमरा, संगीता शर्मा, कूरड़ाराम डारा, ओमप्रकाश दनेवा, अजीत महला, प्रदीप सैनी, विनोद सैन, पवन जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियारों के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दौलतपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार की तलाशी लेकर उसमें से 2 जिंदा कारतूस और एक धारदार चाकू बरामद किया। पुलिस ने आरोपी की कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि दौलतपुरा थाना पुलिस टीम ने थाने के पास सर्विस रोड पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान बिलोची की तरफ से आ रही कार को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान चालक की सीट के पास एक धारदार चाकू मिला। पुलिस ने कार चालक संदीप सिंह निर्वाण निवासी बबाई जिला झुंझुनूं हाल कालवाड़ रोड, करधनी जयपुर को नीचे उतारकर तलाशी ली। इस दौरान उसकी पैंट की जेब से 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने जब कारतूस और चाकू के संबंध में वैध लाइसेंस और दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई कागजात पेश नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बड़े व्यापारियों और प्रॉपर्टी डीलरों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली करता है। पुलिस के अनुसार संदीप सिंह निर्वाण का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के विभिन्न थानों में रंगदारी, लूट और आर्म्स एक्ट के गंभीर मामले दर्ज हैं, जो न्यायालय में विचाराधीन हैं।

## पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं : दूकिया

निसं



**मंडावा ( नवयत्न )।** दुराना स्थित करियर महाविद्यालय में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त वातावरण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्टाफ ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान निदेशक इंजी. प्यारेलाल दूकिया ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह वृक्ष लगाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने पौधों के संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प लिया। साथ ही सभी ने स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. रीना, रामप्रताप महला, सुनील रोहिला सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।


### आम सूचना

मै मो. साजीद पुत्र मो. अली हाजी निवासी वार्ड नं. 05 डुण्डलोद तहसील नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं (राज.)। मेरा पुत्र आमिर सोहेल पुत्र मो. साजीद मेरे कहने में नहीं है तथा अपना स्वछन्द जीवन जी रहा है तथा ना ही मेरा कोई कहना मानता है तथा मेरे से अलग निवास करता है तथा जब भी विदेश से घर पर आता है तो मेरे पास नहीं आता है बल्कि अन्य किसी दूसरे स्थान पर निवास करता है तथा आवारा व झगड़ालू प्रवृति का व्यक्ति है तथा जब भी विदेश से घर पर आता है तो आवारागर्दी करता है। इसलिए मैं अपने पुत्र आमिर सोहेल को अपनी जमीन, जायदाद तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। कोई भी उसके साथ व्यवहार नहीं करें, लेन-देन नही करें, जमीन जायदाद संबंधित अन्य कोई अनुचित कार्य नही करें, यदि कोई व्यक्ति व्यवहार या अन्य कोई अनुचित कार्यवाही करता है उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी प्रकार का कोई लेन-देन करेगा तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### आम सूचना

हम ओम सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह व उषा कॅवर पत्नी ओम सिंह जाति राजपूत निवासीगण हरीपुरा, पोस्ट इंदोखा तहसील नावा सीटी जिला नागौर राजस्थान हाल निवास वार्ड नं. 02 सूरजगढ़ रूरल तहसील सूरजगढ़ जिला झुन्झुनू (राज.)। हमारी पुत्री लक्ष्मी कॅवर का व्यवहार हमारे एंव हमारे परिवार के प्रति अत्यन्त अनुचित एवं असहयोग पुर्ण रहा है हमारी पुत्री ने अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है तथा इससे पुर्ण रूप से रिश्ता नाता तोड़ लिया है तथा जिससे हम मानसिक एंव सामाजिक रूप से अत्यधिक परेशान है। इसलिए आज दिनांक 05.08.2026 से हम अपनी पुत्री लक्ष्मी कॅवर को अपनी पैतृक व स्व. अर्जित चल एवं अचल संपति तथा अपने सभी व्यक्तिगत एंव पारिवारिक मामलों से बेदखल एंव पृथक घोषित करते है। भविष्य में यदि कोई व्यक्ति हमारी पुत्री लक्ष्मी कॅवर के साथ हमारे नाम या हमारी संपति के संबंध में कोई लेन देन करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उस व्यक्ति की होगी इसके लिए हम उत्तरदायी नहीं रहेंगे।

### नाम परिवर्तन

मैं सुधीर कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार जाट निवासी बास नानग पोस्ट अजाड़ी कलां, तहसील व जिला झुंझुनूं। यह कि मेरी पुत्री नक्षू चौधरी का नाम उसके स्कूल रिकॉर्ड व मेरे सेना के रिकॉर्ड में भविष्य में नक्षू चौधरी समझा व जाना जावे।

### URBAN IMPROVEMENT TRUST SIKAR

Near Circuit House, Jaipur Road, Sikar 332001
Email ID:- uit.sikar@rajatsthan.gov.in

File No. :- न.वि.न्या./विकास/2026-27/560 दिनांक :- 03/08/2026

**Notice Inviting Bid :- 11/2026-27**

Bids for Construction of retaining wall and maintenance of central verge plants works from interested bidders upto 12.08.2026 (time) 11.00 AM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://sppp.rajasthan.gov.in)** of the state. The approximate value of 2 works is Rs. 9.48 Lacs (With GST).

NIB Code : UIS2627A0013
UBN No. UIS2627WSOB00022, UIS2627WSOB00023

Raj.Samwad/C/26/8821 — Executive Engineer, UIT Sikar

### कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी जिला सीकर (राज.)

बाईपास न्यू बस स्टेण्ड रोड, Ph-1571240246 ramgarh.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- न.पा.रा./26-27/376 दिनांक : - 03.08.2026

**निविदा सूचना :-58**

नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से मोहर बन्द निविदाये (ई-प्रोक्यूरमेन्ट) ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। टेण्डर ऑनलाईन **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर प्राप्त किये जाकर ऑन लाईन ही जमा कराने होगें। निविदा सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण राज्य लोक उपापन पोर्टल **(http://sppp.raj.nic.in), http://eproc.rajasthan.gov.in** पर **NIB Code DLB2627A5673 Bid Title / (UBN) DLB2627WSOB14057, DLB2627WSOB14058, DLB2627WSOB14059, DLB2627WSOB14060, DLB2627WSOB14061** पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

राज.संवाद/सी/26/8863 — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगढ (सीकर)

### कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी जिला सीकर (राज.)

बाईपास न्यू बस स्टेण्ड रोड, Ph-1571240246 ramgarh.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- न.पा.रा./26-27/390 दिनांक : - 03.08.2026

**निविदा सूचना :-59**

नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से मोहर बन्द निविदाये (ई-प्रोक्यूरमेन्ट) ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। टेण्डर ऑनलाईन **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर प्राप्त किये जाकर ऑन लाईन ही जमा कराने होगें। निविदा सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण राज्य लोक उपापन पोर्टल **(http://sppp.raj.nic.in), http://eproc.rajasthan.gov.in** पर **NIB Code DLB2627A5706 Bid Title / (UBN) DLB2627WSOB14173, DLB2627WSOB14174, DLB2627WSOB14176, DLB2627WSOB14177, DLB2627WSOB14179, DLB2627WSOB1418** पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

राज.संवाद/सी/26/8864 — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगढ (सीकर)

### राजस्थान धरोहर प्राधिकरण

भूतल पर्यटन भवन, संजय मार्ग (विधायकपुरी थाने के सामने) खासा कोठी, जयपुर-302001
Tel:-0141-2615648/40 Email: rhppa.jaipur@gmail.com

**ई-निविदा सूचना संख्या 29/2026-27**

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Raiwasa Dham Panorama Dist. Sikar (Raj.) UBN is: HPP2627WSOB00055 | 279.13 Lakh | 15 Months |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/26/8817 — मुख्य कार्यकारी अधिकारी

### कार्यालय ग्राम पंचायत बालसमन्द
### पंचायत समिति लाडनूँ ( नागौर )

क्रमांक : 1072 दिनांक : 06-08-26

**निविदा सूचना संख्या : 71/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूँ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बालसमन्द में निर्माण कार्य हेतु पंचायतीराज नियम 181 के तहत सम्पादित कराने हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायतीराज विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों, पंजीकृत ठेकेदारों व विनिर्माताओं से मुहर बंद लिफाफे में ई-निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र.सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | कार्य पूर्णता अवधि | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | प्रपत्र निविदा ऑनलाइन डाउनलोड/अपलोडकी अंतिम तिथि व समय | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क जमा करवाने की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओपन जिम निर्माण कार्य खेल मैदान ग्राम बालसमन्द | 3.00 | 3 माह | 500 रूपये | 6000 रूपये (ग्राम पंचायत के नाम डीडी) | दिनांक 06-08-28 प्रात: 11:00 बजे से 12-08-26 सायं 5:00 बजे तक | दिनांक 13-08-26 सुबह 11:00 बजे तक | दिनांक 13-08-26 मध्यान्ह 1:00 बजे से, ग्राम पंचायत |

नोट : निविदा से संबंधी विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
NIB:- ZNR2627A0677 UBN:-ZNR2627WSOB00884

# विशेष विधिक जागरुकता कैम्प आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालासा), नई दिल्ली द्वारा नालसा स्कीम (चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024) के तहत लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन का गठन किया गया है। जिसमें सदस्य के रूप में नियुक्त पीएलवी विजय पाल श्योराण ने बाल भारती विद्यापीठ सी से स्कूल में बच्चों के मध्य विशेष विधिक जागरुकता केम्प का आयोजन किया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के निर्देश व विषयासनुसार बच्चों से उनके नागरिक अधिकारों व कर्तव्यों पर संवाद किया गया। एलएसयूसी मेंबर विजय पाल श्योराण ने समझाया कि स्टूडेंट्स बच्चों को सभी नागरिक अधिकार प्राप्त हैं और शिक्षा का अधिकार विशेष रूप से प्राप्त है। आजादी के अधिकार में अभिव्यक्ति का अधिकार भी विशेष रूप से प्राप्त है जिसका भरपूर सदुपयोग दूसरों के अधिकारों की सीमा तक किया जा सकता है। किसी भी आपात स्थिति, अपहरण के हालात में या जबरन कहीं कैद करने की स्थिति में हमको हर स्थिति में खुद को बचाने का अधिकार है। कोई आपके साथ कुछ गलत करें तो जोर से चीखें, चिल्लाएं, हेल्प मांगे। पुलिस को आपकी खोज करने का कोई सुराग, सबूत मिल सके उसके लिए खुद के बाल तोड़ तोड़ कर वाहन या जगह पर डालते रहें, कहीं रगड़ का लगा कर निकलने से रिसने वाले खून के निशान जगह-जगह जरूर छोड़ते रहें। संस्था के शिक्षक राकेश कुमार गोदारा ने विधिक सेवाओं की स्थापना, उनके महत्व के बारे में बताया और कहा कि लड़की की उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 21 साल होने के बाद में विवाह के अधिकारी हैं। उस से कम उम्र में विवाह करना दंडनीय अपराध है। अध्यक्षता करते हुए संस्था प्रधान शांतिलाल शर्मा ने कहा कि अच्छी पढ़ाई करते हुए देश के एक अच्छे नागरिक के रूप में खुद को तैयार करें। हर हालात में खुद को आगे बढ़ाने और अच्छे काम करके खुद व खुद से जुड़े लोगों का नाम ऊँचा करने की हर संभव कोशिश करें।

# शिविर में हुआ जन समस्याओं का निस्तारण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** फोलो अप कैम्प शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत वार्ड नं 25 व 26 तक का शिविर नगर परिषद् में आयोजित किया गया। शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 01, पट्टा नवीनीकरण 03, पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 04, जीवीपी 04, सीवर कनेक्शन 02, नाली मरम्मत 01, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 18, स्ट्रीट लाईट 03, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 01, पीएम स्वनिधि 01, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 08, वृक्षारोपण 150, आज जोड़े गये पेंशनर्स की संख्या 01, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 6 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 06, ढीले तारों को व्यवस्थित 03, प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 190 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के 18 प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 10 प्रकरण, आधार सीडिंग 05, आधार केवाईसी 02, एलपीजी आईडी केवाईसी 01 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणियां, दीनदयाल पारीक, रेवंतमल पंवार, पंकज घासोलिया, सलीम खान तथा निवर्तमान पार्षदपति गणेश मंण्डावरिया, पन्नालाल सोनी, कमल दाधीच, मनीष दाधीच ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर सहायक अभियंता चारवी राव, सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, कनिष्ठ अभियंता कमलेश साखुनिया, फायरमैन देविका, रामनिवास जाट, प्रमोद विश्नोई, सुनील विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानियां, नरपत जाट, एमआईएस मैनेजर कृष्ण कुमार शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णु कुमार शर्मा, एएनएम सुमन कुमारी, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, उर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, टेक्निशीयन राकेश तुनवाल तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# 11 से 13 अगस्त तक आयोजित होंगे किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से अंतराष्ट्रीय किशोर (युवा) दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इनक कार्यक्रमों में किशोर किशोरियों से संबंधित स्वास्थ्य विषयों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रमों में एनीमिया, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं मानव प्रबंधन करने के साथ साथ स्वास्थ्य एवं जिम्मेदार नागरिक निर्माण के लिए जिले में 11 से 13 अगस्त तक जागरूकता एवं सहभागिता गतिविधियों का आयोजन कर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इन गतिविधियों में शिक्षा, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग तथा महिला अधिकारिता विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीएमचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मंगलवार शक्ति दिवस के दिन 11 अगस्त को जिले के राजकीय विद्यालयों में शक्ति के अवसर पर सघन स्वास्थ्य जांच अभियान एवं जागरूकता एवं परामर्श सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस दिन किशोर किशोरियों की सघन स्वास्थ्य जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, आंखों की जांच, दंत रोग परामर्श, उच्च जोखिम वाले किशोर किशोरियों की पहचान कर उनको उजाला केंद्र के निकटतम चिकित्सा संस्थान पर रैफर किया जाएगा। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय किशोर (युवा) दिवस के अवसर पर उजाला केन्द्र पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा व परामर्श दिया जाएगा। उजाला केंद्र पर किशोर किशोरियों की बीएमआई, हिमोग्लोबिन आदि जांच की जाएगी। वहीं आयरन फोलिक एसिड की गोलियां, सेनेटरी नैपकिन आदि का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को विभाग की ओर से किशोर स्वास्थ्य दिवस पर आउचरीच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रकाश में स्काउट परंपरा के अनुरूप अतिथियों को जनरल सेल्युट देकर सम्मानित करने से शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात माँ सरस्वती, स्काउट आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बैडेन पावेल एवं लेडी बैडेन पावेल के चित्रों के समक्ष पुष्पार्चन कर स्काउट-गाइड प्रार्थना करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय संघ के प्रधान संतोष कुमार इन्दौरिया ने की व मुख्य अतिथि मिथलेश कुमार उपखंड अधिकारी रहे। विशिष्ट अतिथियों में सुभिता महला सीओ गाइड चूरू, संदीप कुमार व्यास मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मोहम्मद अनवर कुरैशी सेवानिवृत्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ओंकार मल शर्मा सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी, विक्रम सिंह चौहान कार्यकारिणी अध्यक्ष तथा ओमप्रकाश मेघवाल सहायक लीडर ट्रेनर मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिसोदिया, लक्ष्मीनारायण जांगिड़ पंकज कुमार, मुंशी राम नायक, मनीराम, मोहनलाल, भैराराम, सत्यनारायण टेलर, पूनम सैन, अनिता बोहित, बेबी कुमारी, ओमप्रकाश ने स्कार्फ पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। कार्यकारिणी अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने सभी का शाब्दिक स्वागत किया। स्थानीय संघ सचिव राकेश कुमार नायक ने गत वर्ष के अधिवेशन का वृत और गत सत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसका सभी ने अनुमोदन किया। कोषाध्यक्ष सुखाराम बांगड़वा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वास्तविक आय व्यय और आगामी वित्तीय वर्ष का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया जिसका सभी ने ध्वनिमत से अनुमोदन कर पारीत किया। अधिवेशन के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को पत्रकार गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही स्काउटिंग में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले बैसिक कोर्स, एडवांस, हिमालय वुडबैज करने वाले स्काउटर गाइडर तथा राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट का भी सम्मान किया। सीओ गाइड सुभिता महला ने अपने उद्बोधन में सभी से विद्यालयों में सक्रिय रुप से स्काउटिंग संचालन करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संतोष कुमार इन्दौरिया ने सभी को स्काउट संगठन के प्रति जागरूक होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। अधिवेशन में डूंगरराम प्रजापत, जयचंदलाल भाटी, रामचन्द्र प्रजापत, अजय कुमार ओला, मनोहर सिंह राठौड़, गणेशा राम शर्मा, राकेश गहलोत, चूनाराम, राकेश कत्थक, बिशनलाल कटारिया, प्रकाश जाट, विजेन्द्र मीणा, रामदयाल, रामनिवास सहित स्काउटर गाइडर, शिक्षक, स्काउट एवं गणमान्यजन उपस्थित थे। प्रधानाचार्य विनोद कुमार जांगिड़ ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# चिकित्सा परामर्श शिविर में 67 रोगी लाभान्वित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लुहारा गाडा स्थित मानव सेवा संस्थान में मानव सेवा संस्थान सुजानगढ़ एवं द धर्मार्थ मेडिकल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क शुगर जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर में 67 शुगर रोगी लाभान्वित हुए। शिविर भामाशाह कमलेश भरत डूंगरवाल के सौजन्य से लगाया गया। शिविर में बीकानेर के शुगर विशेषज्ञ डॉक्टर शिवा मदान ने अपनी सेवाएं दी। शिविर का उद्घाटन स्थानीय समन्वयक माणकचंद सराफ ने दीप प्रज्वलन कर किया। डॉक्टर शिवा मदान ने शुगर के लक्षण, उपचार डाईट प्लान आदि पर प्रकाश डाला। शिविर में धर्मार्थ मेडिकल फाउंडेशन के संचालक महेश शर्मा, समन्वयक माणकचंद सर्राफ, वित्त नियंत्रक नवरत्नमल छाजेड़, सदस्य गजानंद जांगिड़, अशोक कुमार माटोलिया, कपिल देव माटा, मंगलाराम आदि उपस्थित रहे।

# लंबित न्यायिक विवाद छिपाकर विवादित कृषि भूमि को बेचने का आरोप

## 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विवादित कृषि भूमि के संबंध में लंबित न्यायिक प्रकरण की जानकारी छिपाकर कथित रूप से विभिन्न व्यक्तियों के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित करवाने, न्यायालय एवं संबंधित लोकसेवकों के समक्ष गलत तथ्य प्रस्तुत करने तथा धोखाधड़ी एवं षड्यंत्र के आरोपों को लेकर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने न्यायालय से प्राप्त इस्तगासे के आधार पर तारानगर हाल सरदारशहर निवासी परिवादी रमेश कुमार शर्मा की शिकायत पर मंजुल शर्मा पुत्र मोहन लाल, भंवरलाल पुत्र शंकरलाल माली, संजय कुमार पुत्र मोहनलाल, जेयश पुत्र अंजनी सगतानी, अजय पुत्र माईधन जाट, सुजित पुत्र गुगन सिंह जाट, दयानन्द पुत्र गुगन सिंह जाट, पूनम पुत्री विजय कुमार, जितेन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश कंदोई, रामावतार सैनी पुत्र शंकरलाल सैनी, सुभाषचंद्र, विजेन्द्र भास्कर पुत्र चन्द्राराम, विजय कंदोई पुत्र लक्ष्मीनारायण, अजीत पुत्र रामचंद्र माली, राकेश पुत्र भंवरलाल जाट, शिवपत पुत्र चंपाराम सहारण प्रकाश चन्द्र पुत्र साजनराम टीटाण व डिडराईटर दीपक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। परिवादी के अनुसार उसके पिता स्वर्गीय मोहनलाल के नाम दर्ज कृषि भूमि, खसरा संख्या 156 तादादी 9.6102 हैक्टेयर रोही मौजा तारानगर के स्वामित्व एवं हिस्सेदारी को लेकर न्यायालय में विवाद लंबित है। परिवादी का आरोप है कि उक्त विवाद की जानकारी होने के बावजूद आरोपियों ने भूमि को विवादरहित बताते हुए विभिन्न दस्तावेज तैयार करवाए तथा अलग-अलग तिथियों में विक्रय विलेख निष्पादित करवाए। परिवादी का यह भी आरोप है कि संबंधित व्यक्तियों ने लंबित न्यायिक कार्यवाही एवं न्यायालय द्वारा पारित आदेशों की जानकारी छिपाकर दस्तावेजों में ऐसे तथ्य प्रस्तुत किए, जिससे भूमि के संबंध में वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ सके। आरोप है कि कुछ व्यक्तियों ने इन दस्तावेजों में गवाह के रूप में भी भूमिका निभाई। परिवादी ने आरोप लगाया कि उक्त कृत्यों के माध्यम से उसके वैधानिक हिस्से एवं अधिकारों को प्रभावित करने तथा विवादित भूमि पर अपना अधिकार स्थापित करने का प्रयास किया गया।

परिवादी की शिकायत के आधार पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# पालिका में भ्रष्टाचार की जांच शुरू, विकास कार्यों की फाइलें गायब मिलने से मचा हड़कंप

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर नगर पालिका में विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच गुरुवार से शुरू होते ही नगर पालिका परिसर में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान कई विकास कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण फाइलें मौके पर उपलब्ध नहीं मिली, जिससे जांच प्रक्रिया प्रभावित हुई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों सहित विभिन्न विकास कार्यों में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर किसानों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने धरना-प्रदर्शन किया था। धरने के बाद प्रशासन की ओर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने का लिखित आश्वासन दिया गया था। उसी के तहत गुरुवार को उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार के निर्देशन में जांच प्रक्रिया शुरू की गई। जांच दल में सार्वजनिक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता सुशीला फुलवरिया, उपकोषाधिकारी राजेंद्र नाई तथा नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता विकास मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जांच के दौरान जब विकास कार्यों की फाइलें मांगी गईं तो कई आवश्यक अभिलेख मौके पर उपलब्ध नहीं मिले। फाइलों के गायब होने की जानकारी सामने आते ही नगर पालिका कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा ने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक फाइलें तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच दल को आश्वस्त किया कि सोमवार तक सभी रिकॉर्ड और फाइलें उपलब्ध करा दी जाएगी तथा जांच में प्रशासन को पूरा सहयोग दिया जाएगा।

धरने से जुड़े किसान नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाती है तो विकास कार्यों में हुई अनियमितताओं की सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग भी दोहराई। जांच के दौरान कामरेड भादर भामू, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश घिंटाला, सामाजिक कार्यकर्ता लाभचंद सोनी, पूर्व पार्षद ताराचंद वाल्मीकि, मिर्जाराम बारूपाल, रणजीत कच्छावा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर्व की तैयारियां को लेकर बैठक आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाये जाने का कार्यक्रम निर्धारण व व्यवस्थाओं को लेकर वीसी हॉल, पंचायत समिति में उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय ध्वज, डोरी आदि की व्यवस्था व गढ़ परिसर स्थित कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज बांधने की व्यवस्था, स्टेडियम में दर्शकों के बैठने के लिए कुर्सीयों मय टेंट मंच आदि, ध्वनि विस्तार यंत्रों की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्टेडियम में चूना, लाईनिंग, समतलीकरण एवं बैरीकेटिंग, दर्शकों/बच्चों का नियन्त्रण, आमन्त्रण पत्र छपाई, आमन्त्रण पत्र वितरण व मिठाई वितरण व्यवस्था, छात्र-छात्राओं को लाने के लिए बस व्यवस्था करने सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा कर सर्व सहमति से निर्णय लिया जाकर कार्यक्रम निर्धारण किया गया व व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। जगदीश प्रसाद व्यास विकास अधिकारी पंचायत समिति, मनीष कुमार तिवाड़ी बीसीएमओ, संदीप व्यास ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी, किशनाराम नायब तहसीलदार, सुशीला सहा. अभियंता सानिवि, डॉ एस के त्यागी आचार्य राजकीय जालान महाविद्यालय, भवानी शंकर व्यास अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, गिरधारी लाल स्वामी अति. ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी, दिलीप सोनी सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति, सीमा सिहाग प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी, जगदीश प्रसाद शर्मा सहित कई अधिकारी व कर्मचारी तथा गणमान्यजन उपस्थित थे।

# सिंघाना बाइपास अंडर पास में जल भराव, लोगों ने जताया विरोध

विजेंद्र सिंह लमोरिया



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** हर वर्ष मानसून या बारिश के दौरान आम जनता को होने वाली परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला रेलवे स्टेशन के पास सिंघाना बाइपास रोड पर बने रेलवे अंडरपास का है, जहां अंडरपास में भारी जलभराव हो जाने के कारण स्थिति बेहद नारकीय बन गई है। जलभराव के इस गंभीर संकट के चलते वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि थोड़ी सी बारिश में ही यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है, जिससे स्थानीय लोगों का सब्र जवाब दे गया है। समस्या के समाधान को लेकर लंबे समय से उपेक्षा का शिकार हो रहे स्थानीय लोगों और राहगीरों ने गुरुवार को एकजुट होकर रेलवे स्टेशन के पास बने रेलवे अंडरपास पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और संबंधित विभागों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। लोगों का कहना है कि हर बार बारिश के मौसम में उन्हें इस तरह के हालात का सामना करना पड़ता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। रेलवे अंडरपास दोनों तरफ से पूरी तरह खुला होने के कारण बारिश का पूरा पानी मार्ग पर भर जाता है। पानी अधिक भरने के कारण बीच रास्ते में वाहन भी बंद हो जाते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप्प हो जाता है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने इस अंडरपास को तत्काल कवर कर समस्या से स्थायी समाधान दिलाए जाने की मांग की है। यह प्रदर्शन समाजिक कार्यकर्ता ऋषि झाझड़िया के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शन में राकेश योगी, दिनेश झाझड़िया, बबलू झाझड़िया, विद्याधर झाझड़िया, शीशराम मोटसरा, हरिप्रसाद जांगिड़, विकास, सुभाष मेघवाल सहित अन्य ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एसीबी ने रिश्वत मामले में संयुक्त आयुक्त के खिलाफ में पेश किया चालान

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत मामले में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र प्रतापगढ़ के तत्कालीन संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक राजीव गर्ग के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया है। आरोपी को एसीबी प्रतापगढ़ ने वर्ष 2024 में 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। एसीबी चौकी राजसमंद के प्रभारी अधिकारी हिम्मत चारण के अनुसार आरोपी राजीव गर्ग ने लोक सेवक रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर परिवादी के 7वें वेतनमान का स्थिरीकरण, पेंशन प्रकरण का भुगतान और एरियर जारी करने की एवज में 30 जुलाई 2024 को 3 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद 3 अगस्त 2024 को रिश्वत राशि लेते हुए एसीबी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अपराध संख्या 164/2024 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 की धारा 7 में प्रकरण दर्ज किया गया था।

# पुण्यतिथि पर किया अभिषेक, भंडारा आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के गोगढ़ बाबा ब्रह्मचारी आश्रम में संत आत्मानंद ब्रह्मचारी महाराज की गुरुवार को पुण्यतिथि मनाई गई। महंत सतगिरी ने बताया कि मुख्य यजमान अशोक शर्मा ने सुबह बाबा महाराज की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक कर नवीन वस्त्र धारण कराए गए। दिन में भोलेनाथ का रूद्राभिषेक व आरती कर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आए बसंतानंद महाराज जयपुर, उदयपुर मठ से नरसिंहपुरी महाराज, मंगलपुरी महाराज आस्टी, मद्रासी बाबा, महामंडलेश्वर ओमकार दास महाराज, सरजुदास महाराज समेत सैकड़ों महात्माओं को भेंट देकर सम्मान किया। शुक्रवार को पुण्यतिथि को लेकर चल रहे महामृत्युंजय पाठ के समापन पर हवनादि किया जाएगा। इस मौके पर कार्यकर्ताओं सहित कई भक्तगण मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190